RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com

बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः70 , गुरुवार, 23 अप्रैल 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com

सदर एसडीओ का छापेमारी अभियानः 11 दुकानदारों पर कार्रवाई, बिना सत्यापित 03

सटही बाजार से 43 लाख से अधिक भारतीय व नेपाली मुद्रा बरामद 04

सूरज बड़जात्या के 'प्रेम' की 12 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी, अब इश्क... 07

संक्षिप्त समाचार

नीतिश कुमार ने बनाई जेडीयू की नई टीम

राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 24 नेता,निशांत नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिश कुमार ने पार्टी की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित की है। इसमें उनके बेटे निशांत कुमार को जगह फिलहाल नहीं मिली है। जेडीयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 24 नेताओं को रखा गया है। राज्यसभा सांसद संजय झा जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने रहेंगे। वहीं, पार्टी के वरीय नेता एवं जहानाबाद से पूर्व सांसद चंद्रेश्वर

प्रसाद चंद्रवंशी को पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। आलोक कुमार सुमन कोषाध्यक्ष होंगे। वहीं, 12 नेताओं को जेडीयू का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। इसमें मनीष कुमार वर्मा, आफाक अहमद खान, श्याम रजक, अशोक चौधरी, रमेश सिंह कुशवाहा, राम सेवक सिंह, कहकशां परवीन, कपिल हरिशचंद्र पाटिल, राज सिंह मान, सुनील कुमार उर्फ इंजीनियर, हर्षवर्धन सिंह, मौलाना गुलाम रसूल और बलियावी का नाम शामिल है। राजीव रंजन सिंह जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता बने रहेंगे। वहीं, रविंद्र प्रसाद सिंह, विद्या सागर निषाद, दयानंद राय, संजय कुमार, मोहम्मद निसार, रूही तागुंग और निवेदिता कुमारी को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है।

नेपाल में पीएम बालेन शाह की सरकार को बड़ा झटका

- गृहमंत्री सुदन गुरुंग ने भारी दबाव के बाद दिया इस्तीफा

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने बुधवार को इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब हाल के दिनों में व्यवसायी दीपक भट्टा के साथ उनके कथित व्यावसायिक संबंधों को लेकर विवाद सामने आए हैं। दीपक भट्टा पर मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में जांच चल रही है। गुरुंग ने सोशल मीडिया के जरिए अपने इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने फेसबुक पर

लिखा मुझसे जुड़े मामलों में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए और पद पर रहते हुए हितों के किसी भी टकराव या जांच प्रक्रिया पर किसी भी तरह के असर से बचने के लिए मैंने आज गृह मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि हाल के दिनों में सार्वजनिक स्तर पर उनके निवेशों, जिनमें शेयरों में निवेश भी शामिल है, उसको लेकर जो सवाल उठाए गए हैं उन्हें उन्होंने गंभीरता से लिया है। सुदन गुरुंग ने यह भी कहा कि हाल के दिनों में सार्वजनिक स्तर पर उनके निवेशों, जिनमें शेयरों में निवेश भी शामिल है, उसको लेकर जो सवाल उठाए गए हैं उन्हें उन्होंने गंभीरता से लिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री बालेन शाह को सौंपा और इसकी जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक की।

योगी बोले-ममता दीदी को रामनाम से चिढ़ है

बंगाल की पहचान काबा नहीं मां काली से है

लखनऊ (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में सीएम योगी ने कहा- जब भारत आजाद हुआ तो तब पूरा देश रोजगार के लिए बंगाल आता था। उसके बाद पहले कांग्रेस ने लूटा, फिर कम्युनिस्टों ने नोचा, अब 15 साल से टीएमसी कंगाल कर रही है। सीएम ने कहा- बुआ-भतीजा मिलकर बंगाल के अस्तित्व को खत्म करना चाहते हैं। कोलकाता का मेयर कहता है यहां उर्दू चलेगी। मैं कहता हूं कोई माई का लाल बंगाली अस्मिता के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। बंगाल की पहचान काबा से नहीं मां काली बाड़ी से है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की जोरासांको और चकदहा विधानसभा सीट पर चुनावी रैली की। भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील करते हुए सीएम योगी ने ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा। रैली में एक बच्चा पोस्टर लेकर पहुंचा था जिस पर लिखा था- योगी जी बुलडोजर लाओ, हम तुम्हारे साथ हैं। सीएम योगी ने कहा- बंगाल में धड़ल्ले से गोहत्या होती है। भगवान राम के नाम से ममता दीदी को चिढ़ है। शोभायात्रा निकालने की परमीशन नहीं मिलती, टीएमसी के गुंडे गुडा टैक्स वसूलते हैं। ऐसी स्थित यूपी में भी थी सपा के गुंडों को टैक्स देना होता था। विकास ठप था, राम का नाम लेने वालों पर लाठी-गोली चलती थी। आज यूपी में उत्सव है। कहीं रामनवमी का उत्सव, कहीं कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव, कहीं कांवड़ यात्रा का उत्सव। यूपी में सब शांति है माफिया और गुंडा समाप्त है।

कोलकाता के मेयर कहते हैं-यहां तो उर्दू चलेगी

बेटी की इज्जत पर हाथ डालने वाला यमराज के घर जाता

सीएम योगी ने कहा- किसी बहन-बेटी की इज्जत पर हाथ डालता है तो सीधे यमराज के घर जाता है। अन्नदाता किसान खुशहाल है, विकास की बहार है और 500 साल में जो काम नहीं हुआ, मोदी जी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो गया है। इस बार बंगाल में डबल इंजन सरकार बनने जा रही है।

- **रिजल्ट आते ही बंगाल फिर सोनार बांग्ला बनेगा-** सीएम योगी ने कहा- यूपी में कब्जा नहीं होता। वहां गुंडा जानता है कि अगर कब्जा किया तो सरकार उनकी 7 पुश्तों की जमीन निकालकर गरीबों के लिए घर बनवा देगी। मैं जानता हूं 4 मई को जब रिजल्ट आएगा तो बंगाल सोनार बांग्ला बनके अपनी अस्मिता को पहचानेगा। उन्होंने कहा- हमें बंगाल की अस्मिता को बचाना। अभी जो कठमुल्लापन को बढ़ावा दिया जा रहा है, उसे हर हाल में रोकना होगा। इसके लिए भारत के लोकतंत्र ने जो ताकत दी है उसका इस्तेमाल कीजिए। सीएम योगी ने नादिया जिले की चकदहा सीट पर रैली की।
- **बुलडोजर माफिया-गुंडों की हड्डियों का हाईवे बना देता -** सीएम योगी ने कहा- यूपी में माफिया और गुंडा सिर उठाता है तो बुलडोजर उनकी हड्डी-पसली को हाईवे बनाने में उपयोग करता है। कांग्रेस और सपा के समय जो गुंडों ने सरकारी संपत्ति पर कब्जा किए उसमें गरीब की भूमि गरीब को दी। सरकार की जमीन सरकार के पास आई और उनकी खुद की कमाई से अर्जित जमीन पर गरीबों के लिए घर बन रहे हैं। काशी, प्रयागराज में पूरी दुनिया आ रही है। ये तभी होता है जब भाजपा की डबल इंजन की सरकार होती है। हमने अयोध्या-काशी को संवारा है और बंगाल में गुरुदेव रविंद्र की पैतृक संपत्ति पर टीएमसी के गुंडों का कब्जा है।

ममता बनर्जी के कामों से खतरे में लोकतंत्र

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने ममता बनर्जी के खिलाफ सख्त टिप्पणी की है। आई-पैक पर हुई छापेमारी के समय ममता बनर्जी के प्रतीक जैन के घर में घुसने पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि आप यूं ही बीच में दखल नहीं दे सकते हैं। उनके कामों से लोकतंत्र खतरे में पड़ गया है। आई-पैक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ सख्त टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है कि यह अपने आप में एक ऐसे व्यक्ति का काम है, जो मुख्यमंत्री भी हैं और जिन्होंने लोकतंत्र को खतरे में डालने के लिए पूरे सिस्टम का इस्तेमाल किया है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव भी चल रहे हैं और दो फेज में वोटिंग होनी है। इस

बंगाल चुनाव के बीच सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

साल की शुरुआत में जनवरी महीने में ईडी ने आई-पैक के कई ठिकानों पर छापे मारे थे। इस दौरान, खुद ममता बनर्जी आईपैक के को-फाउंडर प्रतीक जैन के घर में रेड के समय घुस गई थीं और कुछ फाइलें लेकर आ गई थीं। तब यह बड़ा राजनैतिक मुद्दा बना था। केंद्रीय एजेंसी ने आरोप लगाया है कि बनर्जी ने उस जगह से अहम सबूत हटा दिए। कोर्ट ने ममता बनर्जी के खिलाफ तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि उनके कामों ने लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया।

राज्य और केंद्र के बीच का विवाद नहीं

हालांकि, इस तर्क से असहमति जताते हुए जस्टिस कुमार ने कहा, इसमें राज्य का कौन-सा अधिकार शामिल है। यह राज्य और केंद्र सरकार के बीच का विवाद नहीं है। आप यूं ही बीच में दखल नहीं दे सकते। किसी भी राज्य का कोई भी मुख्यमंत्री, किसी जांच या तफ्तीश के बीच में ही पहुंच जाता है, और आप कहते हैं कि यह असल में राज्य और केंद्र सरकार के बीच का विवाद है? उन्होंने पूछा, कोई भी मंत्री जांच के बीच में ही चला आता है और आप इसे लोकतंत्र के लिए खतरा मानते हुए भी यह तर्क देते हैं कि यह मूलत: राज्य और केंद्र के बीच का विवाद है।

तीन राज्यों में कितनी सीट पाएगी कांग्रेस, शाह ने बताया!

- गृहमंत्री की बड़ी भविष्यवाणी, एक में तो जीरो का अनुमान

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस को लेकर भी बड़ी भविष्यवाणी कर दी है। बंगाल की सत्ता पर काबिज होने का दावा करने वाली भाजपा के नेता ने कहा कि मैं राहुल गांधी को बताना चाहती हूं कि कांग्रेस यहां खाता भी नहीं खोल पाएगी। दमदम में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि मैं राहुल गांधी को बता दूं कि बंगाल में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सकेगा। इसके अलावा उन्होंने दो और राज्यों तमिलनाडु और पुदुचेरी को लेकर भी कांग्रेस के बारे में भविष्यवाणी की। अमित शाह ने कहा कि पुदुचेरी और तमिलनाडु में कांग्रेस का आंकड़ा दहाई तक नहीं पहुंचेगा यानी वह 10 या उससे ज्यादा सीटें नहीं हासिल कर सकेगी। बंगाल के दमदम में अमित शाह ने वोटरों से देश के नाम वोट करने करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आप लोग अपना वोट घुसपैठिया मुक्त बंगाल के लिए करें।

लेंसकार्ट में तिलक विवाद

एमपी-यूपी, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में हुआ प्रदर्शन

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईवियर कंपनी लेंसकार्ट के ड्रेस कोड को लेकर विवाद बढ़ गया है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में प्रदर्शन हो रहे हैं। हिंदू संगठनों से जुड़े लोग 4 दिनों से कई शहरों के लेंसकार्ट स्टोर में जाकर कर्मचारियों को तिलक लगा रहे और कलावा बांध रहे हैं। इस बीच बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री ने कंपनी के प्रमोटर्स से कहा, 'तू अपनी कंपनी लाहौर में खोल ले, भारत में काहे को मर रहा है। तेरो कक्का का भारत है क्या, हां! हमारे तो बाप का भारत है।' पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर कंपनी का एक पॉलिसी डॉक्यूमेंट वायरल हुआ था। इसमें कर्मचारियों को बिंदी, तिलक और बुर्का पहनने पर रोक की बात थी। हिजाब और पगड़ी को कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी गई थी। कंपनी के फाउंडर पीयूष बंसल ने 15 अप्रैल को एक्स पर पोस्ट कर बताया कि वायरल डॉक्यूमेंट पुराना है। यह कंपनी की मौजूदा गाइडलाइन नहीं दर्शाता। कंपनी सभी धर्मों का सम्मान करती है।

पाकिस्तान तो फेल रहा, भारत कर दिखाएगा

राजनाथ सिंह ने दिए ईरान-यूएस के बीच मध्यस्थता के संकेत

नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान और अमेरिका के बीच 28 फरवरी से तनाव की स्थिति बनी हुई है। कई दिनों तक हुए हमलों के बाद दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ, लेकिन अभी तक शांति स्थापित नहीं हो सकी है। दोनों देश अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हुए हैं। पाकिस्तान ने इस मध्यस्थता की कोशिश की है, लेकिन वह अभी तक पूर्ण रूप से सफल नहीं हो सका है। इस सबके बीच भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बर्लिन में एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कल ऐसा समय भी आ सकता है जब भारत अपनी भूमिका निभाए और इसमें सफलता भी हासिल करे। राजनाथ सिंह के इस बयान के बाद से भारत के द्वारा मध्यस्थता की अटकलें तेज हो गई हैं। ईरान और अमेरिका के रिश्तों पर राजनाथ सिंह ने कहा, भारत ने कोशिश की है, लेकिन हर चीज का एक समय होता है। हो सकता है कि कल ऐसा समय आए जब भारत इसमें अपनी भूमिका निभाए और सफलता भी हासिल करे।

हम इस संभावना से इनकार नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों पक्षों से युद्ध समाप्त करने की अपील की है। कूटनीतिक मामलों में हमारे प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण बहुत संतुलित है।

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर भी राजनाथ ने रखी बात

राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में व्यवधान कोई दूर की घटना नहीं बल्कि यह एक कड़वी सच्चाई है जिसका भारत की सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता पर सीधा असर पड़ता है। उन्होंने जर्मनी की तीन दिवसीय यात्रा के पहले दिन रक्षा एवं सुरक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि आज दुनिया नए सुरक्षा खतरों का सामना कर रही है और तकनीकी परिवर्तन ने स्थिति को बेहद जटिल एवं परस्पर संबंधित बना दिया है। बदलते परिवेश के अनुकूल ढलने की तत्परता के साथ एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है। आपको बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जर्मनी यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब पश्चिम एशिया में 50 दिनों से अधिक समय से संघर्ष जारी है और इसके परिणाम सामने आ रहे हैं।

ईवीएम पर गोंद, परफ्यूम लगाने वालों को छोड़ेंगे नहीं

बंगाल-तमिलनाडु चुनाव से पहले चुनाव आयोग की चेतावनी, वोटिंग आज

नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि ईवीएम के बटन पर इत्र, गोंद या किसी भी तरह का पदार्थ लगाना छेड़छाड़ माना जाएगा और यह चुनावी अपराध है। हाल के दिनों में यह दावा सामने आया था कि कुछ राजनीतिक कार्यकर्ता यह पता लगाने के लिए ऐसा करते हैं कि वोट उनके पक्ष में पड़ा है या नहीं। मंगलवार को अधिकारियों ने कहा कि अगर किसी मतदान केंद्र पर ऐसी कोई हरकत सामने आती है, तो वहां के पीठासीन अधिकारी को तुरंत सेक्टर अधिकारी या रिटर्निंग अधिकारी को इसकी जानकारी देनी होगी। यह निर्देश तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में कल 23 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले दिए गए हैं। चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि ऐसे मामलों में आयोग सख्त कार्रवाई करेगा और जरूरत पड़ने पर दोबारा मतदान (री-पोल) का आदेश भी दिया जा सकता है।

बटन पर कुछ भी लगाना सख्त मना

अधिकारियों ने सभी मतदान केंद्रों के पीठासीन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि ईवीएम के सभी उम्मीदवारों के बटन साफ और स्पष्ट दिखाई दें। किसी भी बटन पर टेप, गोंद या अन्य कोई चीज नहीं लगी होनी चाहिए। उन्होंने यह भी साफ किया कि बैलेट यूनिट के बटन पर किसी भी तरह का रंग, स्याही, इत्र या रसायन नहीं लगाया जा सकता, क्योंकि इससे वोट की गोपनीयता प्रभावित हो सकती है। अगर इस तरह की कोई गड़बड़ी पाई जाती है, तो पीठासीन अधिकारी तुरंत उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी देंगे।

पहलगाम हमले के एक साल, दुनिया भर से निंदा

- यूरोप के 27 देश और ईयू आए भारत के साथ, बोले- भूलेंगे नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते साल 22 अप्रैल को भीषण आतंकी हमला हुआ था। पाकिस्तान से आए आतंकियों ने चुन-चुन कर उन लोगों को मार डाला था, जो हिंदू थे। उनका धर्म और नाम पूछकर यह कत्लेआम किया गया था। आज इस घटना को एक साल हो गए हैं और दुनिया भर में इसकी निंदा की जा रही है। इस बीच यूरोपियन यूनियन और उसके 27 सदस्य देशों ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी है। बुधवार को यूरोपियन यूनियन की ओर से एक पोस्ट किया गया।

ये है भारत की ताकत!

एम-17, सी 295 और तेजस ने भी दिखाया अपना दम

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर फिर भारतीय वायु सेना के विमान गरते। एयरफोर्स के फाइटर विमानों ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर विमान की टेकऑफ और लैंडिंग का अभ्यास किया। यह अभ्यास युद्ध या राष्ट्रीय आपातकाल जैसी परिस्थितियों में एक्सप्रेसवे को वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल करने की क्षमता को परखने के लिए आयोजित किया गया। दोपहर बाद एयर शो की शुरुआत हुई। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। एयर शो को लेकर मंगलवार को ही देश की सेना के जांबाज और फाइटर प्लेन सुलतानपुर आए। वहीं, बुधवार को जगुआर, सुखोई, एमआई 17वी-5 और तेजस की गड़गड़ाहट से पूरा इलाका गूंज उठा।

एयरफोर्स के विमान आए नजर

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सुलतानपुर में बनी एयरस्ट्रिप पर सुखोई 30, जैगुआर, मिराज गरजते हुए टच डाउन किया। इसके साथ ही वायुसेना के एमआई 17 हैलीकॉप्टर, ट्रांसपोर्टर सी 295, एएन 32 भी देखने को मिले। सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बने एयरस्ट्रिप की लंबाई करीब 3.2 किलोमीटर है। यहां एयरस्ट्रिप की सतह की मोटाई लगभग 320 मिलीमीटर है। यह सुखोई, मिराज-2000 और जैगुआर जैसे भारी लड़ाकू विमानों के उतरने और उड़ान भरने के लिए पूरी तरह सक्षम है। युद्ध के दौरान दुश्मन सबसे पहले वायुसेना के एयरबेस को निशाना बनाता है। ऐसे समय में हाईवे पर बनी यह एयरस्ट्रिप वायुसेना के लिए बैकअप रनवे के काम आती हैं, जिससे सेना विमानों का संचालन जारी रखा जा सकता है।

संक्षिप्त समाचार

गंडक में नहाते 4 लोग डूबे, 2 महिलाओं की मौत, सोनपुर में चौठारी रस्म के दौरान हादसा

हाजीपुर। सारण के सोनपुर थाना क्षेत्र में गंडक नदी में नहाने के दौरान एक ही परिवार के चार लोग डूब गए। इनमें से दो महिलाओं की मौत हो गई है, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है। यह घटना बैजलपुर स्थित जगदंबा स्थान के निकट चौठारी रस्म के दौरान हुई। मृतक महिलाओं की पहचान बैजलपुर निवासी जनार्दन सिंह की 42 वर्षीय पत्नी बबीता देवी और पटना के बख्तियारपुर निवासी रवि कुमार की 40 वर्षीय पत्नी गुड़िया देवी के रूप में हुई है। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों महिलाओं को नदी से बाहर निकाला और सदर अस्पताल हाजीपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, जनार्दन सिंह की बेटी की शादी बीते सोमवार को हुई थी। शादी के चौथे दिन चौठारी की रस्म अदा करने के लिए परिवार के सदस्य गंडक नदी में स्नान करने गए थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। बाकी डूबे हुए दो व्यक्तियों की खोजबीन गंडक नदी में की जा रही है। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस और एसडीआरएफ (SDRF) टीम को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई है और लापता लोगों की तलाश में जुटी हुई है।

लापरवाही पर 2 पुलिसकर्मी सस्पेंड, एसआईटी गठित

हाजीपुर। वैशाली पुलिस अधीक्षक ने महनार थाना क्षेत्र में एक आभूषण व्यवसायी रंजीत कुमार के घर हुई घटना के बाद दो पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इन अधिकारियों पर कर्तव्य में गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप है, जिसमें समय पर सूचना न देना और वरीय पदाधिकारियों को अवगत न कराना शामिल है, जिससे पुलिस कार्रवाई में देरी हुई। प्राथमिक जांच के अनुसार, 20-21 अप्रैल 2026 की मध्य रात्रि में डायल 112 पर तैनात एएसआई शुक्लेश कुमार घटना स्थल पर पहुंचे थे। हालांकि, उन्होंने किसी भी वरीय अधिकारी को इसकी सूचना नहीं दी। इसी प्रकार, अपर थानाध्यक्ष उदय कुमार सिंह को भी घटना की जानकारी प्राप्त हुई थी। इसके बावजूद, उन्होंने आवश्यक सतर्कता नहीं बरती, त्वरित कार्रवाई नहीं की और न ही वरीय अधिकारियों को सूचित किया। वैशाली पुलिस अधीक्षक ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महनार के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया गया है। यह टीम मामले का खुलासा करने और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

पति ने प्रेमी से कराई पत्नी की शादी, इंस्टाग्राम पर रील भेजकर हुआ प्यार, एनिवर्सरी से एक दिन पहले की दूसरी शादी

हाजीपुर। वैशाली में एक पति ने अपनी ही पत्नी की शादी उसके प्रेमी से करवा दी। घटना जन्दाहा प्रखंड स्थित खोपी पंचायत की है। मुकेश कुमार माझी की शादी 4 साल पहले 22 अप्रैल 2022 में संजू कुमारी से हुई थी। मुकेश महाराष्ट्र में काम करता है। इसी दौरान संजू का संपर्क सोशल मीडिया के माध्यम से बिटण्टीपुर निवासी वरुण कुमार माझी से हुआ। बातचीत के दौरान दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया। पति जब घर आया और उसे प्रेम संबंध के बारे में पता चला तो उसने दोनों की शादी करवा दी। 21 अप्रैल 2026 को बाबा बटेश्वरनाथ मंदिर परिसर में घरवालों के मौजूदगी में संजू और वरुण का विवाह संपन्न हुई। प्रेमी वरुण कुमार ने बताया कि एक महीने पहले इंस्टाग्राम पर हम दोनों की मुलाकात हुई थी। देखते ही देखते हम दोनों को प्यार हो गया। वो मुझे अपना रील भेजती थी मैं उसे अपना रील भेजता है। ऐसे ही हमारी बातें शुरू हुई। हम दोनों की अब शादी हो गई है, तो सब राजी खुशी है। संजू के पहले पति भी खुश है और मेरा परिवार भी। अब हम दोनों साथ जिएंगे और साथ मरेंगे।। संजू कुमारी ने कहा कि इंस्टाग्राम पर प्यार हो ही गया तो हम क्या करें। वरुण हमें अपना रील वीडियो भेजा करते थे। इसी दौरान हम दोनों की दोस्ती हो गई थी। हम दोनों एक दूसरे को इंस्टाग्राम पर ही जानते थे। जब सामने से मुलाकात हुई तो दोस्ती प्यार में बदल गई। हम एक दूसरे के बिना नहीं रह सकते थे। इसलिए हम दोनों ने एक साथ रहने का वादा कर लिया। अब हम दोनों की शादी हो गई है, मुझे अब पहले पति के पास नहीं जाना है। मर जाएंगे लेकिन पहले पति के घर नहीं जाएंगे। संजू ने कहा कि मेरे इंस्टाग्राम आईडी पर करीब 300 वीडियो था। पति ने वीडियो डिलीट कर दिया था। इसी को लेकर मैं उनके साथ रहना नहीं चाहती थी। वरुण के दादा ने बताया कि जब पोता शादी कर लिया है। बहु घर आ गई है तो हम उसे स्वीकार करते हैं। हम उसे अपनी बहू मान चुके है। किसी भी परिवार से कोई गिला शिकवा नहीं है। संजू के पति मुकेश कुमार माझी ने कहा कि मैं अपने छाती पर पत्थर रखकर उसकी खुशी के लिए शादी करवा दी। उसने बताया कि 4 साल पहले 22 अप्रैल को ही संजू से मेरी शादी हुई थी। एक महीने के प्यार के लिए वो मुझे छोड़ दी। इतना कहते ही मुकेश फूटफूट कर रोने लगा। लेकिन पत्नी संजू के चेहरे पर हंसी का कोई ठिकाना नहीं था। वो वरुण के साथ नई जिंदगी को लेकर खुश है।

फर्जी सिम कार्ड, टेलीग्राम बॉट्स का यूज कर डेटा चोरी

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर पुलिस ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय साइबर सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। ये गिरोह भारतीय नागरिकों की संवेदनशील निजी जानकारी विदेशी अपराधियों को बेच रहा था। इस हाई-टेक कार्रवाई में पुलिस ने उत्तर प्रदेश और बिहार के विभिन्न जिलों से चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरोह अत्याधुनिक तकनीकी उपकरणों, फर्जी एपीआई और टेलीग्राम बॉट्स का उपयोग कर देश की सुरक्षा और नागरिकों की गोपनीयता के साथ खिलवाड़ कर रहा था। साइबर सिंडिकेट के खिलाफ ऑपरेशन की शुरुआत 21 अप्रैल 2026 को केंद्रीय जांच एजेंसी से मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। मुजफ्फरपुर एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा को जानकारी मिली थी कि अहियापुर थाना क्षेत्र का रहने वाला रिषभ कुमार अपने घर से ही एक अवैध डेटा एक्सचेंज चला रहा है। मामले की गंभीरता और अंतरराष्ट्रीय संलिप्तता को देखते हुए तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम में साइबर थाना, जिला आसूचना इकाई (DIU) और बिहार एसटीएफ (STF) के अधिकारियों को शामिल किया गया। सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी के नेतृत्व और साइबर डीएसपी हिमांशु कुमार की अगुवाई में टीम ने रिषभ कुमार के ठिकाने पर छापेमारी कर उसे धर दबोचा। रिषभ की निशानदेही पर पुलिस ने उसके तीन अन्य सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया, जो इस नेटवर्क की अलग-अलग कड़ियों को संभाल रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रिषभ कुमार (मुख्य आरोपी, अहियापुर, मुजफ्फरपुर), दीपक चौधरी उर्फ आशु कुमार (गाजीपुर, उत्तर प्रदेश), सुधांशु कुमार (जाले, दरभंगा, बिहार) और साहिल कुमार (हथौड़ी, मुजफ्फरपुर, बिहार) के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरोह के तीन अन्य सदस्यों की भी पहचान कर ली है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। इसके अतिरिक्त, पुलिस ने आरोपियों के बैंक खातों में जमा 4 लाख रुपये फ्रीज कराए हैं और कई मोबाइल फोन तथा आईपैड बरामद किए हैं। जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, उसके मुताबिक पकड़े गए गिरोह के सदस्य आम नागरिकों का डेटा जुटाने के लिए OSINT (Open Source Intelligence) टूल्स, फर्जी सिम कार्ड और टेलीग्राम बॉट्स का यूज करते थे। आरोपी अवैध रूप से एपीआई (API) तैयार करते थे, जिसके जरिए वे सरकारी और निजी डेटाबेस तक अनधिकृत पहुंच बनाते थे।

पटना हाई कोर्ट साउंड पॉल्यूशन पर सख्त, थानेदारों से मांगा हलफनामा

रात 9:30 बजे के बाद लाउडस्पीकर बजाने पर रोक

एजेंसी, पटना

राजधानी पटना में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण को लेकर पटना हाई कोर्ट सख्त हो गया है। इस मामले में वकील सुरेंद्र कुमार की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने शहर के कई थानों के प्रभारी से हलफनामा मांगा है। हाई कोर्ट के रुख को देखते हुए पुलिस ने किसी भी आयोजन में रात 9:30 बजे के बाद तेज आवाज में लाउडस्पीकर ने पर रोक लगा दी है।

छात्रों की पढ़ाई पर असर, कोर्ट ने लिया संज्ञानः वकील सुरेंद्र कुमार ने याचिका के जरिये कोर्ट को बताया कि ध्वनि प्रदूषण की दिशा में पटना के शहरी इलाके खासकर के पिरबहोर, कदमकुंआ, गांधी मैदान, आलमगंज, मुसलहपुर, जहां स्टूडेंट सबसे ज्यादा रहते हैं, वहां देर रात तक तेज ध्वनि में गाने वगैरह बजते रहते हैं। इससे रात में पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स परेशान रहते हैं। उनकी स्टडी प्रभावित होती है।

कदमकुआं थाना को फटकारः सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कदमकुआं थाना क्षेत्र में लापरवाही को लेकर थानेदार को फटकार भी लगाई। साथ ही सभी संबंधित थानों को अपने-अपने क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी हलफनामे के जरिए देने का निर्देश दिया। इसके बाद सभी थानेदारों ने हल्फनाम के जरिये अपने अपने क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण रोकने की दिशा में उठाये गए कदम के बारे में अवगत कराया है। साथ ही इसे सख्ती से लागू कराने की भी बात स्वीकार की है।

9:30 बजे के बाद तेज आवाज पर रोकः कोर्ट के रुख को देखते हुए पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। अब किसी भी आयोजन में रात 9:30 बजे के बाद तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने पर रोक लगाने की हिदायत दी जा रही है। आयोजकों को पहले से ही इस नियम की जानकारी दी जा रही है।

10 मई को अगली सुनवाईः इस मामले में अगली सुनवाई जस्टिस राजीव राय के कोर्ट में 10 मई होगी। इधर, जिन थानेदारों ने अभी तक हल्फ नाम नहीं दिया है, वो अपने पड़ोस के थानेदारों से कैसे क्या फाइल करनी है, इसके बारे में पूछ रहे हैं। इससे साफ है कि कोर्ट के रुख ने थानेदारों को सकते में ला दिया है। पुलिस महकमे में हलचल बढ़ गई है और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तेजी दिखाई दे रही है।

तेजप्रताप यादव-प्रशांत किशोर की मुलाकात

एजेंसी, पटना

- बिहार की राजनीति में मची हलचल, कई मुद्दों सहित भविष्य की रणनीति पर हुई चर्चा

JJD नेता सह राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजप्रताप यादव और जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर की मुलाकात का वीडियो सामने आया। इस मुलाकात का वीडियो खुद तेजप्रताप यादव ने सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसके बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। तेजप्रताप यादव ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि, 'आज का दिन राजनीतिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण रहा।' उन्होंने बताया कि प्रशांत किशोर के साथ उनकी मुलाकात के दौरान जनहित, भविष्य की राजनीति, जनता की अपेक्षाओं और बदलते राजनीतिक समीकरणों पर गहन चर्चा हुई।

कई मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ- तेज प्रतापः तेजप्रताप ने इस मुलाकात को केवल औपचारिक बैठक नहीं बताया, बल्कि कहा कि इसमें ऐसे कई मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ जो आने वाले समय में राजनीति की दिशा तय कर सकते हैं। तेजप्रताप यादव ने अपने पोस्ट में यह भी कहा कि, यह संवाद उनके राजनीतिक जीवन का एक महत्वपूर्ण अनुभव रहा, जिसने जनसेवा और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के उनके संकल्प को और मजबूत किया है। इस मुलाकात को बिहार की बदलती राजनीति के संदर्भ में काफी अहम माना जा रहा है। एक ओर तेजप्रताप यादव अपनी अलग राजनीतिक पहचान मजबूत करने में जुटे हैं। वहीं, दूसरी ओर प्रशांत किशोर राज्य में वैकल्पिक राजनीति की जमीन तैयार कर रहे हैं।

ऊर्जा संकट के बीच बिहार सरकार का बड़ा फैसला

अब राशन दुकानों से मिलेगा कुकिंग कोयला

एजेंसी, पटना

बिहार में गरीब और जरूरतमंद परिवारों को राहत देने के लिए बिहार सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने एक अहम आदेश जारी करते हुए कहा है कि अब जन वितरण प्रणाली (PDS) यानी राशन दुकानों के माध्यम से कुकिंग कोयला (Cooking Coal) उपलब्ध कराया जाएगा। यह फैसला मौजूदा ऊर्जा संकट को देखते हुए लिया गया है।

क्यों लेना पड़ा यह फैसला?: सरकार के अनुसार, वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसका असर भारत के कई हिस्सों में भी देखने को मिल रहा है। रसोई गैस (LPG) की उपलब्धता में कमी और बढ़ती कीमतों की वजह से गरीब परिवारों के लिए खाना बनाना मुश्किल हो गया है। इसी समस्या के समाधान के तौर पर सरकार ने

कुकिंग कोयला को एक वैकल्पिक ईंधन के रूप में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

BPL कार्ड धारकों के हित में बड़ा फैसला- नीरज कुमारः LPG गैस क्राइसिस के बीच बिहार सरकार के इस फैसले पर भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि, 'बिहार सरकार ने BPL कार्ड धारकों के हित में बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार ने सभी राशन कार्ड धारी को कोयला देने का निर्णय लिया है। उसके लिए राज्य के खाद्य उपभोक्ता सरंक्षण विभाग ने खान एवं भूतत्व विभाग, परिवहन विभाग और जिले के सभी डीएम को आगे की कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया है।

'पप्पू यादव को सार्वजनिक मांफी मांगनी चाहिए'

एजेंसी, पटना

- सांसद ने महिलाओं पर की थी टिप्पणी, श्रेयसी सिंह बोली- ऐसी बातें निंदनीय, उनकी सोच को दर्शाती

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने पिछले दिनों ने महिलाओं पर टिप्पणी की थी। जिसके बाद बीजेपी ऑफिस में बुधवार को महिला नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। पूर्व मंत्री श्रेयसी सिंह, विधायक मैथिली ठाकुर, मोहनिया विधायक संगीता कुमारी और एमएलसी अनामिका सिंह बीजेपी कार्यालय में मौजूद रहीं। इन्होंने पप्पू यादव की टिप्पणी को महिलाओं का अपमान बताया और कहा कि सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। इसके अलावा कांग्रेस नेतृत्व पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा को मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

पप्पू यादव अपने बयान पर कायम हैंः 'महिलाओं की बिना नेताओं के बेड से गुजरे पॉलिटिक्स में एंट्री नहीं होती है।' ये कहने वाले पूर्णिया सांसद पप्पू यादव अपने बयान पर कायम हैं। बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने कहा, 'मैंने कुछ गलत नहीं कहा। मैंने जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है, दुनिया में जो हो रहा है वो देखते हुए कहा। ये मेरी व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं थी। मैं हमेशा मां-बहनों के साथ खड़ा हूं। मैं इस बात पर भी कायम हूं कि नारी को देवी बनाया गया, लेकिन उसे कभी इज्जत नहीं मिली। महिलाओं के साथ हमेशा शोषण हो रहा है।'

महिलाओं की प्रति कैसी सोच है ये दिखता है- श्रेयसीः श्रेयसी सिंह ने कहा कि जिस तरह से महिलाओं, खासकर राजनीति में सक्रिय महिलाओं को लेकर टिप्पणी की गई है। ये पूरी तरह से निंदनीय है। यह बयान न सिर्फ महिलाओं का अपमान है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि संबंधित नेता की निजी जिंदगी में महिलाओं के प्रति कैसी सोच और व्यवहार है।

ओछी मानसिकता का परिचय है- संगीताः मोहनिया की विधायक संगीता कुमारी ने कहा कि इस तरह की टिप्पणी बेहद ओछी मानसिकता को दर्शाती है। महिलाओं के प्रति इस तरह का नजरिया रखने की हिम्मत कैसे हुई। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही हैं, ऐसे में इस तरह की बयानबाजी अस्वीकार्य है।

कांग्रेस को देना होगा जवाब- अनामिकाः एमएलसी अनामिका सिंह ने इस मुद्दे को कांग्रेस के पिछले शासनकाल से जोड़ते हुए कहा कि महिलाओं के खिलाफ घटनाओं पर कांग्रेस का इतिहास सवालों के घेरे में रहा है। कश्मीर से बहनों के विस्थापन और अन्य घटनाओं पर कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी रही है। अनामिका सिंह ने सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी से सवाल करते हुए कहा कि आखिर इस मुद्दे पर वे क्यों नहीं बोल रही हैं।

हर लड़की खुद बनाती है अपनी पहचान- मैथिलीः विधायक मैथिली ठाकुर ने कहा कि हर लड़की अपने दम पर अपनी पहचान बनाती है और समाज में आगे बढ़ती है। उन्होंने पप्पू यादव के बयान को "गंदी और ओछी सोच" का परिणाम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि जिस व्यक्ति के घर की महिलाएं खुद राजनीति में सक्रिय हैं, उनके ओर इस तरह की टिप्पणी करना और भी दुर्भाग्यपूर्ण है।

आईजीआईएमएस में बिना सर्जरी 16 सेमी गांठ निकाली गई

एजेंसी, पटना

- एंडोस्कोपी तकनीक से पैंक्रियाटाइटिस का फ्री इलाज, निजी अस्पतालों में 2 लाख तक खर्च

पटना के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (IGIMS) के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग ने एक मरीज के पैंक्रियाज से बिना सर्जरी 16 सेंटीमीटर की गांठ सफलतापूर्वक निकाली है। यह जटिल प्रक्रिया एंडोस्कोपी के जरिए की गई और मरीज का इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत पूरी तरह निःशुल्क हुआ। इस उपलब्धि के साथ IGIMS ने यह साबित कर दिया है कि सरकारी अस्पतालों में भी अत्याधुनिक और प्रभावी इलाज संभव है।

आधुनिक LAMS तकनीक से गांठ निकालाः मरीज को लंबे समय से पेट में दर्द और सूजन की शिकायत थी। जांच में गंभीर पैंक्रियाटाइटिस का पता चला, जिसके कारण अग्नाशय के आसपास गंदे तरल पदार्थ और मृत ऊतकों (नेक्रोसिस) की बड़ी गांठ बन गई थी। ऐसे मामलों में आमतौर पर जोखिम भरी और महंगी ओपन सर्जरी की आवश्यकता होती है। IGIMS के डॉक्टरों ने आधुनिक LAMS (ल्यूमेन-अपोज़िंग मेटल स्टेंट) तकनीक का उपयोग किया। इस एंडोस्कोपिक प्रक्रिया में पेट के अंदर एक विशेष स्टेंट डाला जाता है, जिससे जमा हुआ तरल पदार्थ और मृत ऊतक बाहर निकल जाते हैं। इसमें शरीर पर कोई चीरा या टांके नहीं लगाए जाते हैं। इस जटिल प्रक्रिया को गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार झा के नेतृत्व में पूरा किया गया। टीम में डॉ. भाग्यमणि, डॉ. ऋषव और तकनीकी सहयोगी जितेंद्र, रिंकी, याशिका, हर्षित तथा गौरव शामिल थे।

IGIMS में फ्री इलाज, निजी अस्पतालों में 2 लाख तक खर्चः डॉ. झा ने बताया कि पैंक्रियाटाइटिस के गंभीर मामलों में शरीर के अंदर संक्रमणयुक्त तरल और मृत ऊतक जमा हो जाते हैं। यदि समय रहते इन्हें नहीं निकाला जाए तो यह जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि पहले इसके लिए बड़े ऑपरेशन की आवश्यकता होती थी, लेकिन अब एंडोस्कोपिक तकनीक से यह प्रक्रिया सुरक्षित और तेजी से की जा सकती है। निजी अस्पतालों में इस तरह के इलाज पर आमतौर पर 1.5 लाख से 2 लाख रुपये तक का खर्च आता है। आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीज को यह सुविधा पूरी तरह मुफ्त मिली, जिससे उन्हें आर्थिक बोझ से मुक्ति मिली।

आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए नई उम्मीदः IGIMS प्रशासन ने इसे राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि बताई हैं। डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विभूति प्रसाद सिन्हा ने कहा कि, 'यह तकनीक बिहार के आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अब राज्य में ही विश्वस्तरीय इलाज उपलब्ध हो रहा है, जिससे लोगों को बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।' तेजी से रिकवरी, बेहतर परिणाम इस तकनीक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि मरीज को ज्यादा दिनों तक अस्पताल में भर्ती नहीं रहना पड़ता। चूंकि इसमें कोई बड़ा घाव नहीं होता, इसलिए संक्रमण का खतरा भी कम रहता है और मरीज जल्दी सामान्य जीवन में लौट सकता है। डॉक्टरों ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को लंबे समय से पेट दर्द, सूजन, उल्टी या पाचन संबंधी गंभीर समस्या हो रही है तो उसे नजरअंदाज न करें।

पटना में 3 साल की बच्ची से रेप मामला, आरोपी की मामी भी गिरफ्तार

एजेंसी, पटना

पटना के पालीगंज थाना क्षेत्र में तीन साल की मासूम के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्य आरोपी मनजीत कुमार उर्फ पियूष की गिरफ्तारी के बाद अब उसकी मामी किरण देवी को भी मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया है।

शादी समारोह के दौरान दिया घटना को अंजामः पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी मनजीत कुमार अपनी नानी के घर एक शादी समारोह में बीते सोमवार को आया था। उसी दौरान उसने तीन साल की बच्ची को जबरन अपने साथ ले जाकर नानी के घर पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी मामी ने बच्ची को मारने की कोशिश भी की थी।

घायल और बेहोशी मिली बच्ची, रेप की पुष्टि हुईः घटना की जानकारी मिलने के बाद पालीगंज पुलिस और बच्ची के परिजन आरोपी के घर पहुंचे। वहां बच्ची घायल और बेहोशी की हालत में मिली। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मेडिकल जांच भी हुई। मेडिकल जांच की रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मंगलवार को मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी और उसकी मामी दोनों बच्ची को जान से मारने की कोशिश करने वाले थे, लेकिन लोगों के पहुंचने पर वे दोनों मौके से फरार हो गए थे।

POCSO एक्ट में मामला दर्ज, दोनों गिरफ्तारः इस मामले पर थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि, पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए मामला दर्ज किया और मंगलवार की शाम पहले मुख्य आरोपी मनजीत कुमार उर्फ पियूष को गिरफ्तार किया गया।

नाले में पलटी जेसीबी मशीन, निर्माण कार्य के दौरान सड़क धंसने से हादसा

एजेंसी, पटना

पटना के जय प्रकाश नगर इलाके में मंगलवार देर शाम को बड़ा हादसा हो गया। जय प्रकाश नगर स्थित आशीर्वाद भवन के पास अचानक सड़क धंसने से वहां काम कर रही जेसीबी (खुदाई मशीन) असंतुलित होकर नाले में पलट गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि घटना में अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जेसीबी चला रहा ड्राइवर भी सुरक्षित है।

निर्माण कार्य के दौरान हुआ हादसाः प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय इलाके में सड़क निर्माण का काम चल रहा था। इसी दौरान सड़क का एक हिस्सा अचानक कमजोर होकर बैठ गया, जिससे भारी मशीन का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे नाले में जा गिरी। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी। स्थानीय निवासी विशाल सिंह ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में और बड़े हादसे हो सकते हैं।

आरएलएम कार्यकर्ताओं ने निकाला मार्च

एजेंसी, पटना

महिला आरक्षण बिल के समर्थन में प्रदर्शन

महिला आरक्षण बिल गिरने के बाद NDA का विपक्ष के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (RLM) आज पूरे बिहार में धिक्कार मार्च निकाल रही है। पटना में RLM कार्यकर्ताओं ने मार्च निकाला और विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी की। पटना में RLM की रैली में महिलाओं से अधिक पुरुष नजर आए। महिलाएं सिर्फ 3 दिखीं। प्रदर्शन के दौरान पार्टी अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश भी पहुंचे। कुशवाहा की पत्नी और बहू इस विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं हुईं।

पटना के अलावा समस्तीपुर, नालंदा और औरंगाबाद में भी RLM नेताओं ने प्रदर्शन किया। लखीसराय में भाजपा युवा मोर्चा के सदस्यों ने विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं, खगड़िया में RLM कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के पुतले फूंके।

महिला आरक्षण रोककर विपक्ष ने उनका हक छीनाः RLM का कहना है कि इस मार्च के जरिए वे जनता तक यह संदेश पहुंचाना चाहते हैं कि संसद में महिलाओं के अधिकार और प्रतिनिधित्व से जुड़े मुद्दों को किस तरह रोका गया। पार्टी इसे जनजागरूकता अभियान के रूप में भी देख रही है। पार्टी नेताओं का कहना है महागठबंधन ने लोकसभा में महिला आरक्षण के खिलाफ वोट देकर महिलाओं से उनका हक छीनने का काम किया है। इससे लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33% आरक्षण मिलने का रास्ता रुक गया है।

संक्षिप्त समाचार

फर्जी पुलिस बनकर लूटपाट करने वाला गिरोह पकड़ा, पांच गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में पुलिस ने फर्जी पुलिस बनकर लूटपाट करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कांड संख्या 262/26 के अनुसंधान के दौरान की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में लाल बहादुर राम, जो पूर्व में बर्खास्त सिपाही रह चुका है, सफदर इमाम, आरिफ उर्फ भड्डू, राजेन्द्र राय और प्रभुलाल साह शामिल हैं। ये सभी खुद को पुलिसकर्मी बताकर आम लोगों को डराते-धमकाते थे और नकदी व कीमती सामान लूट लेते थे। वारदात के बाद पीड़ितों को इतना भयभीत कर दिया जाता था कि वे शिकायत दर्ज कराने से भी कतराते थे। जांच में खुलासा हुआ है कि गिरोह के सदस्य स्कॉर्पियो, बोलेरो और मोटरसाइकिल जैसे वाहनों का उपयोग कर अलग-अलग क्षेत्रों में घटनाओं को अंजाम देते थे। इस गिरोह का सरगना लाल बहादुर राम को बताया गया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में सामान बरामद किया है, जिसमें पुलिस वर्दी, टोपी, बेल्ट, स्टार, पुलिस आईडी कार्ड, स्टिक और होल्स्टर सहित अन्य उपकरण शामिल हैं। इसके अलावा एक स्कॉर्पियो, दो बोलेरो, एक मोटरसाइकिल, चार मोबाइल फोन और 1 लाख 81 हजार 200 रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं। इस कार्रवाई का नेतृत्व सदर-02 के एसडीपीओ जितेश कुमार पाण्डेय ने किया। टीम में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष कुमारी प्रियंका सहित कई पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस ने बताया कि गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पॉक्सो एक्ट के मामले में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी। जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में कल्याणपुर थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक मामले में नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, कल्याणपुर थाना कांड संख्या-166/26 के तहत दर्ज पॉक्सो एक्ट मामले में आरोपी ऋषि राय उर्फ चिंटू राय (पिता-वीरेंद्र राय), निवासी जगिया, थाना-जाले, जिला-दरभंगा को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

बाइक चोरी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी। जिले में बाइक चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। संग्रामपुर थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर एचएचडी मशीन से जांच की। जांच में नंबर प्लेट और चेचिस नंबर में अंतर पाया गया। आगे की पड़ताल में स्पष्ट हुआ कि मोटरसाइकिल चोरी की है, जो नगर थाना (गोपालगंज) कांड संख्या-293/21 से संबंधित है। इस मामले में पुलिस ने धर्मेंद्र कुमार (पिता-रामनाथ दास), निवासी हरसिद्धि, जिला-पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार किया है। वहीं, कल्याणपुर थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने विपिन पांडेय की दुकान पर छापेमारी की। यहां बरामद मोटरसाइकिल की एचएचडी मशीन से जांच करने पर नंबर प्लेट और चेचिस नंबर अलग-अलग पाए गए, जिससे वाहन के चोरी का होने की पुष्टि हुई। इस मामले में पुलिस ने विपिन पांडेय (पिता-रघुनाथ पांडेय), निवासी कल्याणपुर, जिला-पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार कर लिया। दोनों मामलों में पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि वाहन चोरी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

सूखा नशा के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, दो तस्कर गिरफ्तार

बीएनएम @ तुरकौलिया। जिले में नशा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत तुरकौलिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गांजा जैसे मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में चरगहा कमिटी चौक के पास से गोपाल भगत, पिता स्वर्गीय यमुना भगत, निवासी चरगहा, को 36 ग्राम गांजा जैसे मादक पदार्थ के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने ग्राम परशुरामपुर स्थित एक कबाड़ दुकान पर छापेमारी की, जहां से 240 ग्राम गांजा जैसे मादक पदार्थ के साथ वासी अहमद, पिता स्वर्गीय किताब मियां, निवासी परशुरामपुर, को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में नशा के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

तुरकौलिया में संदिग्ध शराब से मौत, नामजद आरोपी गिरफ्तार

बीएनएम @ तुरकौलिया। थाना क्षेत्र के गोविंदापुर बभनौलिया गांव में संदिग्ध शराब पीने से 40 वर्षीय बनारसी साह की मौत के मामले में मृतक की पत्नी फूलकुमारी देवी के आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इस मामले में गांव के ही भोला साह को नामजद आरोपी बनाया गया है। आवेदन में मृतक की पत्नी ने बताया कि 17 अप्रैल की रात बनारसी साह पोलीथीन में रखी शराब पी रहे थे। मना करने पर उन्होंने बताया कि यह शराब पड़ोसी भोला साह ने दी है। शराब पीने के बाद वे सो गए, लेकिन कुछ देर बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी और पूरे शरीर में तेज दर्द होने लगा। स्थिति गंभीर होते देख परिजन उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने आशंका जताई है कि भोला साह द्वारा दी गई शराब के सेवन से ही उनके पति की मौत हुई है। थानाध्यक्ष संपत कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी भोला साह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

तुरकौलिया में पशु तस्करी का प्रयास विफल, छह मवेशी बरामद; दो गिरफ्तार

बीएनएम @ तुरकौलिया। थाना क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सक्रियता से पशु तस्करी का एक मामला पकड़ा गया है। कार्यकर्ताओं ने छह मवेशियों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराते हुए एक पिकअप वाहन, उसके चालक और एक अन्य तस्कर को पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि एक पिकअप पर छह मवेशियों को लादकर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर गोविंदापुर के समीप वाहन को रोककर जांच की गई, जिसमें मवेशी बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों की पहचान समशेर आलम और जुनैद के रूप में हुई है, जिनमें एक चालक बताया जा रहा है। वहीं, इस दौरान चुन्ना उर्फ मोहम्मद आलम मौके से फरार हो गया। पूछताछ में चालक ने बताया कि वे लोग फरार आरोपी चुन्ना के लिए काम करते हैं, जो इस तस्करी का मुख्य कारोबारी है। घटना के बाद बरामद मवेशियों, पिकअप वाहन और दोनों आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। थानाध्यक्ष संपत कुमार सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है, जबकि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

फर्जी डॉक्टर का खेल खत्मः ऑपरेशन छोड़ भागने वाले संचालक पर एफआईआर, गिरफ्तारी जल्द

सागर सूरज

मोतिहारी। जिले के पकड़ीदयाल अनुमंडल में अवैध तरीके से संचालित हो रहे प्रमिला स्वास्थ्य केंद्र के खिलाफ आखिरकार बड़ी कार्रवाई हुई है। लंबे समय से विवादों में रहे इस नर्सिंग होम के संचालक पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी की पहचान पताही थाना क्षेत्र के रुपनी गांव निवासी राजू शाह, पिता विन्देश्वरी शाह के रूप में हुई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है और उसे जल्द ही हिरासत में लिया जाएगा।

यह मामला तब सुर्खियों में आया था जब एक महिला के ऑपरेशन को बीच में ही छोड़कर संचालक के फरार होने का गंभीर आरोप लगा। इस घटना ने न सिर्फ मानवता को शर्मसार किया, बल्कि इलाके में स्वास्थ्य सेवाओं की साख पर भी सवाल खड़े कर दिए।

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि संचालक के पास न तो कोई मान्य चिकित्सकीय डिग्री थी और न ही नर्सिंग होम संचालन से संबंधित आवश्यक कागजात। बार-बार नोटिस और सूचना दिए जाने के बावजूद वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

इस पूरे मामले को 'बॉर्डर न्यूज मिरर' ने लगातार प्रमुखता से उठाया और प्राथमिकी दर्ज करने में हो रही देरी पर सवाल खड़े किए। खबर के प्रभाव के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया। जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवल और पकड़ीदयाल के अनुमंडल पदाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की।

पूर्व में एसडीओ के आदेश पर बीडीओ और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने नर्सिंग होम पर छापेमारी की थी, जहां कई अनियमितताएं पाई गईं। इसके बाद केंद्र को सील कर दिया गया था।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि बिना लाइसेंस और योग्य डॉक्टर के इस तरह से इलाज करना कानूनन अपराध है और आम लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ है। प्रशासन ने कहा कि जिले में चल रहे अन्य अवैध क्लीनिकों पर भी जल्द कार्रवाई की जाएगी।

पैसे के विवाद में हिंसा, तीन आरोपी गिरफ्तार, एक बालक निरुद्ध

बीएनएम @ मोतिहारी। पचपकड़ी थाना क्षेत्र के बाजार में पैसे के लेन-देन को लेकर दो दुकानदारों के बीच हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। घटना 20 अप्रैल 2026 की बताई जाती है। इस मामले में दोनों पक्षों के आवेदन पर पचपकड़ी थाना में कांड संख्या-69/26 एवं 70/26 के तहत हत्या के प्रयास की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने छापेमारी कर कांड संख्या-69/26 के नामजद अभियुक्त सोनू कुमार (पिता-रामबाबू साह) एवं गोलू उर्फ रंजीत कुमार (पिता-रामबाबू साह), दोनों निवासी पचपकड़ी/नदीकान्ही, तथा कांड संख्या-70/26 के अभियुक्त विजय साह (पिता-स्वर्गीय मोतीलाल शाह), निवासी नदीकान्ही को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही एक विधि-विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है। थानाध्यक्ष उत्तम के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में पु०अ०नि० सन्नी कुमार पाठक समेत अन्य पुलिस बल शामिल थे। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

सदर एसडीओ का छापेमारी अभियानः 11 दुकानदारों पर कार्रवाई, बिना सत्यापित बाट-बटखरे मिले

बीएनएम @ मोतिहारी

मोतिहारी। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा ने बुधवार को माप-तौल विभाग के साथ मिलकर बाट-बटखरों की जांच को लेकर विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान शहर के मीना बाजार, कचहरी चौक और चांदमारी चौक स्थित कई दुकानों में माप-तौल उपकरणों की जांच की गई। जांच में कई दुकानदारों के यहां बिना सत्यापित एवं बिना मुहर लगे बाट-बटखरे पाए गए। इस दौरान 11 दुकानदारों को चिन्हित करते हुए नोटिस जारी किया गया। सभी को निर्देश दिया गया है कि वे शीघ्र ही अपने बाट-बटखरों का माप-तौल विभाग से सत्यापन कराकर उस पर आधिकारिक मुहर लगवाएं। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी श्री सिहारा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नियमों का पालन नहीं करने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में इस तरह का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

लोक शिकायत कानून का असरः परिवादी को मिला 10 हजार रुपये का पुरस्कार, शिकायत का त्वरित निवारण

बीएनएम @ मोतिहारी

मोतिहारी। बिहार सरकार द्वारा लागू बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम- 2015 एक बार फिर आम नागरिकों के लिए प्रभावी साबित हुआ है। जिला के सुगौली प्रखण्ड के फुलवरिया निवासी परिवादी प्रशांत वर्णवाल द्वारा दायर परिवाद सं- 99999012203266118O9 का सफलतापूर्वक निपटारा कर दिया गया है। प्रशांत वर्णवाल ने "मेरा प्रखण्ड, मेरा गाँव" प्रतियोगिता में प्रखण्ड स्तरीय विजेता होने का दावा करते हुए पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र की मांग को लेकर जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय, पूर्वी चम्पारण में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सुगौली को नोटिस जारी किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा पत्रांक-260, दिनांक 22 अप्रैल 2026 के माध्यम से सूचित किया गया कि परिवादी को प्रोत्साहन राशि के रूप में दस हजार रुपये का भुगतान कर दिया गया है। इसके साथ ही शिकायत का निवारण पूर्ण हो गया है। यह प्रकरण राज्य में पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन व्यवस्था की मिसाल पेश करता है। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम- 2015 के तहत नागरिकों को बिना किसी बिचौलिये के निर्धारित समय-सीमा में अपनी समस्याओं के समाधान का वैधानिक अधिकार मिल रहा है। सरकार की "न्याय आपके द्वार" की अवधारणा को साकार करते हुए जिला लोक शिकायत निवारण प्रणाली आम लोगों को त्वरित और प्रभावी न्याय उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

कोषागार सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, समयबद्धता व पारदर्शिता पर समाहर्ता का सख्त निर्देश

बीएनएम @ मोतिहारी

मोतिहारी। जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल ने बुधवार को जिला कोषागार कार्यालय एवं जिला भविष्य निधि कार्यालय का समेकित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उक्त निरीक्षण का उद्देश्य वेतन भुगतान, पेंशन वितरण, भविष्य निधि निकासी समेत अन्य सरकारी देयताओं के निष्पादन में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करना था। निरीक्षण के दौरान वरीय कोषागार पदाधिकारी विजय कुमार सिंह, सहायक कोषागार पदाधिकारी धनंजय कुमार तथा सहायक जिला लेखा पदाधिकारी श्याम कुमार उपस्थित रहे। समाहर्ता ने कार्यालय में चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए स्पष्ट किया कि कोषागार अत्यंत संवेदनशील कार्यालय है, जहां किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी कर्मियों को पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बायोमेट्रिक उपस्थिति की समीक्षा में कर्मियों की समय पर उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। वहीं लंबित विपत्रों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इसमें देरी से कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के हित प्रभावित होते हैं। वहीं समाहर्ता ने पेंशनभोगियों एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के मामलों को संवेदनशीलता के साथ प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके अलावा कार्यालय परिसर की स्वच्छता, व्यवस्था एवं बजगृह का निरीक्षण कर अनुपयोगी सामग्रियों के निष्पादन तथा दस्तावेजों के सुरक्षित संधारण को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि सभी लाभुकों को उनकी देय राशि समय पर मिले और कोषागार की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं दक्षता बनी रहे।

ढाका के उच्च माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण, शिक्षा व्यवस्था संतोषजनक

बीएनएम @ मोतिहारी

मोतिहारी। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देश पर जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार अभियान के तहत जिला योजना पदाधिकारी राहुल रंजन ने जिला के ढाका प्रखंड स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बरहरवा सीवान का औचक निरीक्षण किया। उक्त निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से विषय संबंधित प्रश्न पूछे। विद्यार्थियों के जवाब से वे संतुष्ट दिखे और विद्यालय में शिक्षा का स्तर संतोषजनक पाया। इस दौरान उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए अनुशासन का महत्व बताते हुए प्रतिदिन निर्धारित यूनिफॉर्म में विद्यालय आने और पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा दी। जिला योजना पदाधिकारी श्री रंजन ने शिक्षकों के साथ बैठक कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पढ़ाई को अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। इस पहल से जिले के स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन को लेकर सक्रियता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

जनगणना- 2027 में स्व-गणना को 100% बनाने का निर्देश, डीएम ने दिए व्यापक प्रचार-प्रसार के आदेश

बीएनएम @ मोतिहारी

मोतिहारी। भारत की जनगणना- 2027 को सफल बनाने के उद्देश्य से स्व-गणना (Self Enumeration) प्रक्रिया को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा बैठक के उपरांत कहा कि जनगणना- 2027 लोक कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि स्व-गणना जनभागीदारी पर आधारित एक अहम प्रक्रिया है, जिसे प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी विभागों को समन्वित प्रयास करना होगा। उन्होंने बताया कि नागरिक मोबाइल, टैबलेट, लैपटॉप या कंप्यूटर के माध्यम से निर्धारित लिंक पर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे, जिससे प्रक्रिया पारदर्शी और सरल बनेगी। स्व-गणना के लिए लिंक 17 अप्रैल 2026 से 1 मई 2026 तक आम नागरिकों के लिए उपलब्ध रहेगा। इसके सफल संचालन हेतु व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नुक्कड़ नाटकों, लोक कलाकारों एवं परंपरागत माध्यमों के जरिए लोगों को जागरूक किया जाए, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जाए। समीक्षा के दौरान तकनीकी अवसंरचना को मजबूत करने और नामित कर्मियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही सभी पदाधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मियों से स्व-गणना से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त करने को कहा गया।जिलाधिकारी ने जनगणना को राष्ट्रीय दायित्व बताते हुए सभी कर्मचारियों से पूर्ण समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई। उन्होंने बताया कि इस कार्य में मास्टर ट्रेनर, स्टेट लेवल ट्रेनर, जिला एवं फील्ड ट्रेनर, प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का सहयोग लिया जाएगा। बैठक में जिला नोडल अधिकारी -सह- जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्व-गणना का कार्य प्रगति पर है और निर्धारित समय में लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा। वहीं, निदेशालय से प्रतिनियुक्त नोडल अधिकारी आदित्य कुमार ने कहा कि नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इस अवसर पर जनगणना निदेशालय, बिहार के पर्यवेक्षक प्रेमजित सिन्हा, राजीव कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला में एलपीजी आपूर्ति सुचारू, 115 एजेंसियों के जरिए वितरण जारी

» रिकॉर्ड बुकिंग के बावजूद पर्याप्त स्टॉक, प्रशासन ने कालाबाजारी पर सख्ती के दिए संकेत

बीएनएम @ मोतिहारी

मोतिहारी। जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य और सुचारू बनी हुई है। 21 अप्रैल 2026 के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार जिले में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड तथा भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिले में कुल 115 गैस एजेंसियां सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। विगत 1 अप्रैल से 21 अप्रैल 2026 के बीच कुल 3,34,070 गैस बुकिंग दर्ज की गई, जबकि 2,86,958 सिलेंडरों की सफल डिलीवरी की गई। इससे स्पष्ट है कि बुकिंग के अनुरूप तेजी से आपूर्ति की जा रही है। वहीं 21 अप्रैल को एक ही दिन में 10,898 बुकिंग हुई, जबकि 5,329 सिलेंडरों का वितरण किया गया। इसी दिन कंपनियों से 21,743 सिलेंडर प्राप्त हुए। वर्तमान में जिले में 33,594 सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है, जबकि 1,02,589 सिलेंडरों की मांग लंबित है। जिले के सभी 115 वितरक उपभोक्ताओं तक होम डिलीवरी के माध्यम से गैस पहुंचा रहे हैं, जिससे वितरण व्यवस्था और मजबूत बनी हुई है। हालांकि होम डिलीवरी में लापरवाही बरतने वाले 3 गैस एजेंसियों से प्रशासन ने स्पष्टीकरण मांगा है।जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से गैस बुकिंग न करें और केवल घरेलू उपयोग के लिए ही गैस का इस्तेमाल करें। साथ ही कालाबाजारी या जमाखोरी की किसी भी सूचना को तुरंत जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06252-242418 पर देने को कहा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

254 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त

बीएनएम @ योगापट्टी: पश्चिमी चंपारण के योगापट्टी प्रखंड अंतर्गत नवलपुर थाना पुलिस ने निमुईया गांव के समीप बड़ी कार्रवाई करते हुए एक टेंपो से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। तस्करों ने शराब छिपाने के लिए 12 ड्रमों में से 8 की पेंदी काटकर उनमें 1329 बोतलें (कुल 254.625 लीटर) रखी थीं। छापेमारी के दौरान धंधेबाज अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गई और क्षेत्र में शराब माफियाओं के खिलाफ गश्ती तेज कर दी गई है।

डीएम ने सुनीं 40 आमजनों की समस्याएं

बीएनएम @ गयाजी। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने दैनिक जनता दरबार के माध्यम से विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 40 फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग से जुड़े मामले प्रमुखता से सामने आए। कुजापी नगर अंचल के एक आवेदक ने आहर एवं जल निकासी की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण की शिकायत की, जिस पर डीएम ने जिला पंचायत राज पदाधिकारी को तत्काल जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। वहीं, जमीन मापी के लंबित मामलों को लेकर संबंधित अंचलाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए गए। डीएम ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राजपुर के उर्दू विद्यालय में मिला संदिग्ध मांस

बीएनएम @ पटना। रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड अंतर्गत रामूडीह स्थित एक उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय में बुधवार सुबह उस समय तनाव फैल गया, जब स्कूल के एक कमरे से चार प्लास्टिक थैलियों में संदिग्ध मांस बरामद हुआ। इस घटना की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण स्कूल परिसर में जमा हो गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए पूरे इलाके में तनाव व्याप्त हो गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए विक्रमगंज एसडीएम प्रभात कुमार और कई थानों की पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। प्रशासन ने आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराते हुए निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया है। अधिकारियों ने बताया कि बरामद सामग्री को परीक्षण के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही इसकी पुष्टि की जाएगी। एहतियात के तौर पर स्कूल में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

बिहार पुलिस में 'रील्स' बनाने पर गिरी गाज

बीएनएम @ पटना : बिहार में वर्दी पहनकर सोशल मीडिया पर रील्स और वीडियो बनाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ पुलिस मुख्यालय ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। मुख्यालय के सोशल मीडिया सेंटर द्वारा की गई मॉनिटरिंग में 50 पुलिसकर्मियों को चिन्हित किया गया है, जो मानक संचालन प्रक्रिया का उल्लंघन कर वर्दी की गरिमा को ठेस पहुँचा रहे थे। सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कल्याण) ने सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को पत्र जारी कर इन चिन्हित कर्मियों के खिलाफ तत्काल विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि वर्दी में वीडियो बनाकर पोस्ट करना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। अब सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम 24 घंटे सक्रिय रहकर ऐसे उल्लंघनों पर नजर रख रही है। डीजीपी के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद नियमों की अनदेखी करने वालों पर गाज गिरनी तय है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल में कड़ा अनुशासन बनाए रखना और जनता के बीच पुलिस की एक जिम्मेदार और मर्यादित छवि को सुरक्षित रखना है।

सीनेट बैठक में विधायक ने उठाए अहम मुद्दे

बीएनएम @ दरभंगा: दरभंगा स्थित कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक 'दरबार हॉल' में 49वीं अधिषद् (सीनेट) की बैठक गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति सैय्यद अता हसनैन, कुलपति प्रो. लक्ष्मीनिवास पांडेय और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक संजय सरावगी सहित शिक्षा जगत की प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं।बैठक के दौरान संजय सरावगी ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सुधार और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने संस्कृत शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और लंबित समस्याओं के त्वरित निष्पादन पर जोर दिया। विधायक ने विश्वविद्यालय के चहुंमुखी विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर विकास योजनाओं को गति दी जाएगी। इस बैठक में लिए गए नीतिगत फैसलों को विश्वविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य के लिए मील का पत्थर माना जा रहा है।

जमुई सांसद ने डीएम से की मुलाकात

बीएनएम @ शेखपुरा. जमुई संसदीय क्षेत्र के सांसद अरुण भारती और शेखपुरा के जिलाधिकारी के. शेखर आनंद के बीच शेखपुरा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज खोलने के प्रस्ताव पर एक अत्यंत सकारात्मक चर्चा हुई। इस पहल की सराहना करते हुए लोजपा (रामविलास) के जिलाध्यक्ष इमाम गजाली ने डीएम और सांसद का धन्यवाद ज्ञापित किया है।जिले के प्रबुद्ध नागरिकों और शिक्षाविदों का मानना है कि शेखपुरा में मेडिकल कॉलेज के खुलने से न केवल स्थानीय छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे, बल्कि क्षेत्र के मरीजों को भी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो सकेंगी। सांसद की इस सक्रियता ने क्षेत्र के विकास की नई उम्मीदें जगा दी हैं। प्रशासन और जनप्रतिनिधि के बीच हुई इस वार्ता को जिले के स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में एक बड़े क्रांतिकारी कदम के रूप में देखा जा रहा है।

अवैध शराब भट्टी ध्वस्त, भारी मात्रा में कच्चा माल नष्ट

बीएनएम @ बगहा: मुख्यमंत्री के नशामुक्त बिहार के संकल्प को साकार करते हुए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। नौरंगिया थाना क्षेत्र के रोहुआ नाला जंगल में पुलिस, ALTF (बगहा) और वन विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर अवैध शराब के कारोबार का भंडाफोड़ किया। टीम ने जंगल के भीतर संचालित शराब भट्टी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इस दौरान मौके पर मौजूद भारी मात्रा में कच्चा माल (पाश) नष्ट किया गया और शराब बनाने के उपकरण जब्त किए गए। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब धंधेबाजों में हड़कंप है।

सटही बाजार से 43 लाख से अधिक भारतीय व नेपाली मुद्रा बरामद

बीएनएम @ रक्सौल

रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा पर अवैध मुद्रा लेन-देन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई में पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की संयुक्त टीम ने सटही बाजार स्थित एक दुकान से भारी मात्रा में भारतीय और नेपाली मुद्रा बरामद की है। यह कार्रवाई बुधवार को आबकारी थाना के समीप की गई, जिसमें कुल 43 लाख 45 हजार 900 रुपये भारतीय मुद्रा तथा 2 लाख 32 हजार 700 नेपाली रुपये जब्त किए गए। जानकारी के अनुसार, रक्सौल थाना प्रभारी आईपीएस हेमंत कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस व बीएसएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सटही बाजार में सोनू कुमार की दुकान पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने पर मौके पर ही जब्ती की कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह मामला विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन से जुड़ा है। आशंका जताई जा रही है कि सीमा पार व्यापार की आड़ में अवैध हवाला कारोबार चल रहा था, जिसमें नेपाली मुद्रा को भारतीय रुपये में बदला जा रहा था। थानाध्यक्ष हेमंत कुमार सिंह ने बताया कि सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि इस तरह के अवैध कारोबार से न केवल देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान होता है, बल्कि मनी लॉन्ड्रिंग और अन्य संगठित अपराधों को भी बढ़ावा मिलता है। पुलिस ने बरामद राशि को जब्त कर आरोपी सोनू कुमार को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ जारी है और इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। अधिकारियों को आशंका है कि यह गिरोह बड़े स्तर पर सक्रिय हो सकता है। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि सीमा क्षेत्र के बाजारों में लंबे समय से इस तरह का अवैध लेन-देन जारी था। प्रशासन द्वारा गश्त बढ़ाने और निगरानी कड़ी करने के निर्देश दिए गए हैं। फेमा के तहत अवैध विदेशी मुद्रा लेन-देन गंभीर अपराध है, जिसमें कड़ी सजा और जुर्माने का प्रावधान है। पुलिस का कहना है कि आगे की जांच में और अहम खुलासे हो सकते हैं।

पॉक्सो कांड के फरार आरोपियों पर कसा शिकंजा, घरों पर चस्पाया गया इश्तिहार

बीएनएम @ हरसिद्धि

हरसिद्धि। प्रखंड क्षेत्र में पॉक्सो एक्ट के फरार अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए बुधवार को विभिन्न गांवों में उनके घरों पर इश्तिहार चस्पा किया। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के आलोक में की गई है, ताकि आरोपियों पर आत्मसमर्पण का दबाव बनाया जा सके। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि हरसिद्धि थाना कांड संख्या 270/24, दिनांक 13 मई 2024 के तहत भा.द.वि. एवं पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त सोनू कुमार, पिता मैनेजर साह, निवासी बहरूपिया, थाना तुरकौलिया के घर पर इश्तिहार चस्पा किया गया। इसके अलावा कांड संख्या 718/25 के अभियुक्त मुन्ना कुमार, पिता नागेंद्र महतो, निवासी जागपाकड़ तथा कांड संख्या 68/25, दिनांक 08 फरवरी 2025 के अभियुक्त अमित कुमार, पिता ताराबाबू महतो, निवासी ओलहा बाजार, थाना हरसिद्धि के घरों पर भी विधिवत इश्तिहार लगाया गया। पुलिस के अनुसार सभी अभियुक्त लंबे समय से फरार हैं और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाना बदल रहे हैं। ऐसे में न्यायालय के निर्देश पर उन्हें निर्धारित समय के भीतर आत्मसमर्पण करने या न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। थानाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा में आरोपी आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ कुर्की -जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में एसआई रंजन मंडल सहित अन्य पुलिस बल शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप का माहौल है।

बेनीपट्टी अंचल कार्यालय में 10 हजार रिश्वत लेते लिपिक व दलाल गिरफ्तार

बीएनएम @ मधुबनी

मधुबनी। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (पटना) की मुख्यालय टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बेनीपट्टी अंचल कार्यालय से एक लिपिक और एक निजी दलाल को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई निगरानी थाना कांड संख्या 048/26, दिनांक 21 अप्रैल 2026 के तहत बुधवार को की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में अंचल कार्यालय बेनीपट्टी के लिपिक साकेत कुमार सिंह तथा निजी दलाल परमानन्द झा शामिल हैं। दोनों को कार्यालय परिसर में ही रिश्वत की राशि लेते हुए दबोच लिया गया। मामले में परिवादी रविन्द्र यादव, निवासी दहिला (थाना- अरेर, जिला- मधुबनी) ने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के एवज में लिपिक द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोप सही पाए जाने पर निगरानी ब्यूरो ने प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस उपाधीक्षक समीर चन्द्र झा के नेतृत्व में धावा दल का गठन किया। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के बाद उन्हें विशेष निगरानी न्यायालय, मुजफ्फरपुर में प्रस्तुत किया जाएगा। मामले में आगे की जांच जारी है।

एसपी ने मझौलिया थाना का किया औचक निरीक्षण, लंबित मामलों की समीक्षा

बीएनएम @बेतिया

बेतिया। पुलिस अधीक्षक पश्चिम चंपारण डॉ. शौर्य सुमन ने बुधवार को मझौलिया थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई का जायजा लेने के साथ ही विभिन्न अनुसंधानकर्ताओं से लंबित कांडों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान विशेष रूप से मझौलिया थाना कांड संख्या 391/26 में गुमशुदा/अपहृत मोहम्मद अफसार की बरामदगी को लेकर गहन चर्चा की गई। एसपी डॉ. शौर्य सुमन ने कांड के अनुसंधानकर्ता तथा जिला तकनीकी शाखा के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा करते हुए शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के मौके पर जिला तकनीकी शाखा के प्रभारी, मझौलिया थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। एसपी ने कहा कि बेतिया पुलिस लोक व्यवस्था के संधारण और प्रभावी पुलिसिंग के लिए प्रतिबद्ध है।

रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण, एई/जेईएस तैयारियों की जांच

बीएनएम @ रक्सौल

रक्सौल। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल रक्सौल का औचक निरीक्षण कर एई/जेईएस (एक्यूट एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम/जापानी इंसेफलाइटिस) से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में एई/जेईएस मरीजों के लिए एसओपी के अनुसार 6 बेड निर्धारित पाए गए। साथ ही 24 घंटे चिकित्सकों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार लगाई गई है और पोस्टर-पंपलेट के माध्यम से जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। हालांकि, जांच के दौरान कुछ खामियां भी सामने आईं। उपस्थिति पंजी की जांच में डॉ. अजय कुमार और डॉ. शशिरंजन अनुपस्थित पाए गए, जिन्हें अनुपस्थित मानते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। एसडीओ ने जन्म प्रमाण पत्र काउंटर का भी निरीक्षण किया, जहां तिथिवार आवेदनों का संधारण नहीं किया जा रहा था। संबंधित कर्मी को व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। वहीं, पीएचसी रक्सौल में उपस्थिति पंजी जांच के दौरान हेल्थ मैनेजर आशीष कुमार भी बिना सूचना अनुपस्थित मिले, जिनसे जवाब-तलब किया गया है। निरीक्षण के क्रम में अस्पताल परिसर स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर बंद मिला और कोई कर्मी मौजूद नहीं था। इस मामले में संबंधित कर्मियों के विरुद्ध डीपीओ आईसीडीएस स्तर से कार्रवाई की बात कही गई है। एसडीओ ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया कि एई/जेईएस जैसी गंभीर बीमारी से निपटने के लिए सभी तैयारियां दुरुस्त रखें और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस निरीक्षण से स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप देखा गया है।

प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध सख्त हुआ प्रशासन

» औचक निरीक्षण से मची खलबली

बीएनएम @ बेतिया

बेतिया। पश्चिम चम्पारण जिले के बगहा नगर परिषद क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह के निर्देश पर कार्यपालक पदाधिकारी की टीम ने शहर के विभिन्न बाजारों में औचक छापेमारी की। इस दौरान कई दुकानों से भारी मात्रा में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद किया गया, जिसे तत्काल जब्त कर लिया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि प्लास्टिक का उपयोग नियमों का उल्लंघन है और भविष्य में पकड़े जाने पर भारी जुर्माना व कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने दुकानदारों से जूट और कपड़े के थैलों जैसे विकल्पों को अपनाने की अपील की। नगर परिषद ने स्पष्ट किया है कि बगहा को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए यह विशेष अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि शहर की स्वच्छता और पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके।

माधोपुर मठ में पंचायत की पहल पर प्रेमी जोड़े की शादी, इलाके में चर्चा

बीएनएम @ तुरकौलिय

तुरकौलिया। थाना क्षेत्र के ऐतिहासिक माधोपुर मधुमालत मठ स्थित रामजानकी मंदिर में पंचायत और जनप्रतिनिधियों की पहल पर एक प्रेमी जोड़े की विधिवत शादी कराई गई, जो इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, माधोपुर मठ निवासी लालबाबू भगत की पुत्री संध्या कुमारी और शंकर सरैया बगही अहिरटोली निवासी योगेंद्र भगत के पुत्र मिथुन कुमार के बीच पिछले दो-तीन महीनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होती थी और युवक पहले भी कई बार युवती से मिलने उसके गांव आ चुका था। मंगलवार को मिथुन कुमार अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा, जहां दोनों को एक कमरे में परिजनों ने पकड़ लिया। इसके बाद मामला पंचायत में पहुंचा। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई। इस दौरान युवक के परिजनों ने शादी से इंकार कर दिया, लेकिन मिथुन कुमार ने स्पष्ट कहा कि वह संध्या कुमारी से ही शादी करेगा, चाहे परिवार माने या नहीं। इसके बाद पंचायत और ग्रामीणों की सहमति से शादी कराने का निर्णय लिया गया। बाजार से शादी का सामान और मिठाई मंगाई गई। आचार्य वीरेंद्र मिश्र द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ऐतिहासिक माधोपुर मठ स्थित रामजानकी मंदिर में दोनों की शादी संपन्न कराई गई। शादी के बाद उपस्थित ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और परिजनों ने नवदंपति को आशीर्वाद दिया। यह अनोखी शादी पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

रामगढ़वा में राशन दुकानों से कोयला वितरण की तैयारी तेज, एमओ ने की समीक्षा बैठक

बीएनएम @रामगढ़वा (पूर्वी चंपारण)

रामगढ़वा (पूर्वी चंपारण)। गैस संकट के बीच आम लोगों को राहत देने के लिए सरकार के निर्देश पर रामगढ़वा प्रखंड में राशन दुकानों के माध्यम से कोयला वितरण की तैयारी तेज कर दी गई है। इसी क्रम में बुधवार को रामगढ़वा स्थित तेल डिपो में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) रंजन कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अब प्रत्येक पात्र परिवार को राशन दुकानों के माध्यम से 100 किलो कोयला उपलब्ध कराया जाएगा। इसका उद्देश्य गैस की कमी के बावजूद गरीब परिवारों के चूल्हे जलते रहना सुनिश्चित करना है। एमओ ने मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित लोगों को निर्देश दिया कि वितरण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संचालित की जाए, ताकि किसी भी लाभुक को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि योजना को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने की रणनीति तैयार कर ली गई है और जल्द ही इसका लाभ लोगों तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में मिथलेश पासवान, अमित कुमार, अमरीका कुशवाहा और बृज किशोर प्रसाद सहित अन्य स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए समय पर वितरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। प्रखंड प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि जरूरतमंद परिवारों को शीघ्र ही इस योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

आम सहमति की परवाह नहीं

अब नियम तय करने के मामले में भी मजबूत देश आम सहमति की परवाह नहीं कर रहे हैं। जो सहमत नहीं हैं, उनको छोड़कर आगे बढ़ने का नजरिया उन्होंने अपनाया है। डब्लूटीओ के ढांचे और उसकी भावना पर यह घातक प्रहार है। विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) की 14वीं मंत्रिस्तरीय बैठक में सीमा पार डिजिटल ट्रांसमिशन पर टैक्स लगाने पर रोक को जारी रखने के लिए अमेरिका ने अपना पूरा दम लगाया। लेकिन कुछ देशों के विरोध के कारण वह सफल नहीं हुआ। तो अब उसने एलान किया है कि वह उससे सहमत देशों के साथ अलग से समझौता करेगा। ऐसे करार में शामिल होने के लिए उसने अपने व्यापार सहयोगी देशों से आगे आने को कहा है। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर ने कहा- 'सामान्य समझ से प्रेरित इस समझौते पर डब्लूटीओ सहमत नहीं हो सकता, तो अमेरिका उसके बाहर उन देशों के साथ ऐसा करार करेगा, जिनकी इसमें दिलचस्पी है।Ó अमेरिका के मन-माफिक समझौते को मोटे तौर पर ब्राजील और तुर्किये ने रोका। उधर भारत ने चीन की 'विकास के लिए निवेश सुविधा करारÓ (आईएफडी) संपन्न करने की कोशिश नाकाम कर दी। पिछले हफ्ते हुई 14वीं मंत्रिस्तरीय बैठक में 166 में से 129 देशों ने चीन के प्रस्ताव का समर्थन किया। अब संकेत हैं कि चीन उन देशों के साथ लेकर इस समझौते पर आगे बढ़ेगा। ये दोनों घटनाएं डब्लूटीओ की लगातार बढ़ रही अप्रासंगिकता को जाहिर करती हैं। डब्लूटीओ की स्थापना के पीछे सोच अधिकतम सहमति से विश्व व्यापार के नियमों को तय करना और तय नियमों पर सख्ती से अमल की गारंटी करना थी। समझौतों पर अमल सुनिश्चित कराने के लिए डब्लूटीओ के अंदर अपनी न्यायिक प्रणाली बनाई गई। मगर डॉनल्ड ट्रंप ने बतौर राष्ट्रपति अपने पहले कार्यकाल में डब्लूटीओ में न्यायाधीशों की नियुक्ति रोक कर अदालती प्रक्रिया को ठप करने की शुरुआत कर दी। उनके बाद आया जो बाइडेन प्रशासन भी उसी रास्ते पर आगे बढ़ा। जजों के अभाव में डब्लूटीओ का यह अंग फिलहाल लकवाग्रस्त पड़ा हुआ है। इसी कारण विभिन्न देश द्विपक्षीय व्यापार समझौतों का सहारा लेने पर मजबूर हुए हैं। इस बीच अब नियम तय करने के मामले में भी मजबूत देश आम सहमति बनाने की परवाह नहीं कर रहे हैं। जो सहमत नहीं हैं, उनको छोड़कर आगे बढ़ने का नजरिया उन्होंने अपनाया है। डब्लूटीओ के ढांचे और उसकी भावना पर यह घातक प्रहार है।

विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवसः ज्ञान की विरासत और रचनात्मक अधिकारों का उत्सव

सुनील कुमार महला

(23 अप्रैल दिवस विशेष आलेख)
प्रतिवर्ष विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस 23 अप्रैल को मनाया जाता है। यह यूनेस्को द्वारा मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आम लोगों में पढ़ने की आदत, पुस्तकों और लेखकों को सम्मान देना है। सच तो यह है कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों में पढ़ने की रूचियों को बढ़ावा देना, पुस्तकों के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना, दुनिया भर के लेखकों, साहित्यकारों और रचनाकारों का सम्मान करना, विशेष रूप से एआइ के इस युग में कॉपीराइट कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नई पीढ़ी को ज्ञान और साहित्य से जोड़ना है। सरल शब्दों में कहें तो यह दिवस दुनिया भर में पुस्तकों, लेखकों, प्रकाशकों, पाठकों और बौद्धिक संपदा के उनके अधिकारों (राइट्स) के महत्व को रेखांकित करता है।

इस दिवस थीम(विषय) और विश्व पुस्तक राजधानीः- पाठकों को बताता चलूं कि इस वर्ष का केंद्रीय संदेश या यूं कहें कि थीम पुस्तकों की शक्ति, पठन संस्कृति और भाषाई विविधता को बढ़ावा देने पर आधारित है। वर्ष 2025 में विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस की थीम रीड योर वे (अपने तरीके से पढ़ें) रखी गई है। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि मोरक्को की राजधानी रबात को 2026 की विश्व पुस्तक राजधानी चुना गया है, जो कि मोरक्को का राजनीतिक और प्रशासनिक केंद्र कहलाता है, जो पुस्तकों, पठन संस्कृति और ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए दिया जाता है।

आज के डिजिटल दौर/समय में पुस्तकों का महत्व :- आज का दौर डिजिटल दौर है और इस डिजिटल दौर में भी पुस्तकों का महत्व और उपयोगिता कतई कम नहीं हुई है,

जैसा कि पुस्तकें केवल पन्ने नहीं, अनुभवों और विचारों का खजाना होतीं हैं। दरअसल, पुस्तकें ज्ञान का अथाह भंडार होती हैं तथा ये किताबें ही होती हैं जो हमारे अतीत और भविष्य के बीच एक योजक कड़ी के रूप में काम करती हैं। प्रसिद्ध लेखक जे.के. रोलिंग ने यह बात कही है कि- यदि आपको पढ़ना पसंद नहीं है, तो आपको सही किताब नहीं मिली है। कहना ग़लत नहीं होगा कि किताबें और दरवाजे एक ही चीज हैं। आप उन्हें खोलते हैं, और आप दूसरी दुनिया में चले जाते हैं। वास्तव में, किताबें पीढ़ियों और संस्कृतियों के बीच एक सेतु की भूमिका निभाती हैं। सिसेरो ने कहा है- पुस्तकों के बिना एक कमरा आत्मा के बिना शरीर की तरह है।

इस दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमिः- उपलब्ध जानकारी के अनुसार सर्वप्रथम वर्ष 1995 में, यूनेस्को ने 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के रूप में नामित किया था, क्योंकि इस दिन महान नाटककार विलियम शेक्सपियर, इंका गार्सिलसो-डे-ला-वेगा और मिगुएल डे सर्वेंट्स सहित कई महान लेखकों की मृत्यु हुई थी और इस दिवस पर इन सभी साहित्यकारों का स्मरण किया जाता है। दरअसल, यूनेस्को ने वर्ष 1995 में पेरिस में आयोजित अपने महाधिवेशन के कारण भी 23 अप्रैल को ही यह दिन तय किया था। इसमें लेखकों और उनकी अनुकरणीय पुस्तकों को श्रद्धांजलि दी गई। यह भी उल्लेखनीय है कि विश्व पुस्तक दिवस पहली बार 7 अक्टूबर, 1926 को मनाया गया था और विसेंट क्लेवेल एन्ड्रेस ने विश्व पुस्तक दिवस मनाने का विचार 1922 में प्रस्तुत किया। इसकी शुरुआत स्पेन के कैटालोनिया क्षेत्र से हुई थी, जहाँ इसे सेंट जॉर्ज डे के रूप में मनाया जाता है। परंपरा यह है कि इस दिन लोग एक-दूसरे को गुलाब देते हैं, और बदले में किताब भेंट की जाती है। कैटेलोनिया में 23 अप्रैल को ला दीदा डे सैंट जोर्डी के रूप में जाना जाता है और इस दिन, जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में चर्चा कर चुका हूं कि प्रेमी-प्रेमिकाओं के लिए पुस्तकों और गुलाबों का आदान-प्रदान करना पारंपरिक है। गौरतलब है कि विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस आधिकारिक तौर पर 1955 में मनाया गया था। हालाँकि, इस दिन की शुरुआत 1922 में विसेंट क्लेवेल एंड्रेस द्वारा महान स्पेनिश लेखक मिगुएल डे सर्वेंट्स के सम्मान में की गई थी। यूनेस्को द्वारा पहली बार 1995 में इस दिवस की घोषणा की गई थी।

कॉपीराइट और कानूनी अधिकारः- आज संचार क्रांति, एआइ या यूं कहें कि डिजिटल युग में भी पुस्तकों की उपयोगिता कम नहीं हुई है। ये कॉपीराइट अधिकार ही हैं जो हर लेखक/साहित्यकार की रचनात्मक मेहनत की रक्षा करते हैं। कॉपीराइट किसी लेखक, कलाकार, संगीतकार या रचनाकार की मौलिक कृति की सुरक्षा करता है। इससे उनकी अनुमति के बिना रचना की नकल, बिक्री या दुरुपयोग नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि कॉपीराइट विचार को सुरक्षित नहीं करता, बल्कि उस विचार को व्यक्त करने के तरीके को सुरक्षित करता है। यह भी गौरतलब है कि दुनिया का पहला कॉपीराइट कानून ऐनी का क़ानून (1710) था। इससे पहले, कॉपीराइट लेखक के पास नहीं, बल्कि प्रकाशक के पास होता था। उस समय इंग्लैंड में स्टेशनर्स कंपनी का एकाधिकार था। इस कानून ने पहली बार माना कि रचना पर असली अधिकार रचयिता का है। कहना ग़लत नहीं होगा कि वर्तमान डिजिटल युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) ने कॉपीराइट की सदियों पुरानी परिभाषा को हिला कर रख दिया है। मशीन केवल सूचनाओं को संकलित कर सकती है, लेकिन मौलिक संवेदना और अनुभव केवल मानव मस्तिष्क की उपज है और कॉपीराइट इसी संवेदना का सम्मान है। यहां पाठकों को बता दूं कि कापीराइट कानून में पेंटिंग, फ़ोटोग्राफ़, संगीत, कंप्यूटर प्रोग्राम, नाटक, फिल्म, किताबें, वास्तुशिल्प, कविताएं, कहानियां और ब्लॉग पोस्ट शामिल किए जा सकते हैं। कॉपीराइट हमेशा के लिए नहीं होता। लेखक की मृत्यु के 60 से 70 साल बाद (देश के अनुसार) रचनाएँ पब्लिक डोमेन में आ जाती हैं। भारत में किसी किताब पर कॉपीराइट लेखक की मृत्यु के वर्ष के अंत से 60 वर्ष तक रहता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी लेखक का निधन 2026 में होता है, तो उनकी रचनाएँ 31 दिसंबर 2086 तक सुरक्षित रहेंगी और 1 जनवरी 2087 को पब्लिक डोमेन में आएँगी। मुंशी प्रेमचंद, शेक्सपियर और टैगोर की रचनाएं अब सबके साझा ज्ञान का हिस्सा हैं। सरल शब्दों में कहें तो भारत में कॉपीराइट अधिनियम 1957 निर्माता को 60 वर्षों के लिए सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें सबसे हालिया संशोधन वर्ष 2012 में हुआ था। कॉपीराइट (संशोधन) नियम 2021 को अन्य प्रासंगिक कानूनों के अनुरूप लाने के लिये कार्यान्वित किया गया था। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के समय में कॉपीराइट का उद्देश्य केवल अधिकार जताना नहीं है, जैसा कि दिल्ली उच्च न्यायालय (2016) ने कहा था-इसका उद्देश्य ज्ञान की फसल को बढ़ाना है, न कि उसे बाधित करना। यह कानून लेखकों को प्रोत्साहित करता है ताकि वे समाज के बौद्धिक संवर्धन के लिए और अधिक लिखें, जिससे अंततः जनता को लाभ पहुँचता है।

कॉपी-पेस्ट संस्कृति पर लगामः- आज सूचना क्रांति और इंटरनेट के दौर में किसी भी साहित्यिक सामग्री को उठाकर अपने नाम से इस्तेमाल कर लेना (साहित्यिक चोरी) बहुत आसान हो गया है। ऐसे समय में कॉपीराइट कानून एक बौद्धिक संपदा कानून के रूप में ढाल का काम करता है। यह लेखक की अनुमति के बिना रचना की नकल, बिक्री या उसके दुरुपयोग को रोकता है, जिससे रचनाकार का आर्थिक और मानसिक हित सुरक्षित रहता है।

निष्कर्ष और संकल्पः- यह बहुत ही दुखद है कि आज कोई भी व्यक्ति किसी के काम को बिना अनुमति के तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करता है या उपयोग करता है, जो कि कॉपीराइट का सीधा उल्लंघन है। हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने जीवन में अधिक किताबें पढ़ें और पुस्तकों का दान करें। पढ़ने से ज्ञान में बढ़ोत्तरी होती है, शब्दावली का विकास होता है और अवसाद कम होता है। हमें याद रखना चाहिए कि किताबें दुनिया चलातीं हैं और किताबें एक अनोखा पोर्टेबल जादू हैं। लेखन और पठन हमारी आत्मा को पोषण देते हैं। इसलिए बौद्धिक संपदा की रक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण और अहम् है।कॉपीराइट दिवस हमें सिखाता है कि सृजन और प्रतिभा का सम्मान होना चाहिए।यह दिवस रचनाकारों के अधिकारों की रक्षा का संदेश देता है।हमें मौलिकता को अपनाकर नकल की प्रवृत्ति से दूर रहना चाहिए तथा रचनात्मक समाज के निर्माण में कॉपीराइट का पालन अत्यंत आवश्यक है।

(-सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कॉलमिस्ट व युवा साहित्यकार, पिथौरागढ़, उत्तराखंड।)

नारी शक्ति वंदन पर राष्ट्र के नाम रुंदन भरा संबोधन

निर्मल रानी

मध्य एशिया में छिड़े संघर्ष के परिणामस्वरूप पूरे विश्व में मंहगाई व बेरोज़गारी बढ़ती जा रही है। भारत में भी गैस व सिलेंडर के अभाव के कारण लगने वाली लंबी लंबी क़तारों के साथ ही हज़ारों छोटे व मध्यम उद्योगों के बंद होने के समाचार मिल रहे हैं। विभिन्न औद्योगिक नगरियों से कामगारों के ऐसे दर्दनाक दृश्य दिखाई दे रहे हैं जो कोरोना काल के समय हुये प्रवासियों के पलायन की याद दिला रहे हैं। परन्तु हमारे देश की सरकार व यहाँ के नेता इन वास्तविकताओं से मुंह मोड़कर हमेशा की तरह आज भी चुनावी मोड में हैं। प्रायः ऐसा देखा गया है कि चुनावी बेला में कुछ न कुछ ऐसा शगूफ़ा ज़रूर छोड़ा जाता है जो सत्ता के पक्ष में,चुनाव को प्रभावित करने,विपक्ष को बदनाम करने,चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने तथा सत्ता का दुरूपयोग करने वाला हो। परन्तु इन चुनावी महारथियों को इससे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता क्योंकि चुनाव आयोग सहित अनेक संस्थाओं पर सत्ता ने अपनी पकड़ मज़बूत जो कर ली है ?

देश ने पिछले दिनों एक ऐसा ही हाई प्रोफ़ाइल राजनैतिक ड्रामा देखा। केंद्र सरकार ने अचानक 16 से 18 अप्रैल 2026 तक संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुला लिया। सरकार की तरफ़ से पहले तो इस आपात सत्र को बुलाने के कारण को भी सांसदों से गुप्त रखा गया। फिर एन वक़्त पर बताया गया कि इस विशेष सत्र का मुख्य उद्देश्य महिला आरक्षण विधेयक जिसे वर्तमान सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया है इसे जल्द लागू करने के लिए लोकसभा की सीटों का परिसीमन करना व इनकी संख्या 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 करने संबंधी संशोधन विधेयक पारित कराना है। सरकार का कहना है कि ऐसा करने से 2029 के आम चुनावों से पहले 33% महिला आरक्षण लागू हो सकेगा। यही बताकर लोकसभा में विगत 17 अप्रैल को 131 वां संविधान संशोधन विधेयक सरकार द्वारा पेश किया गया जो मतदान के बाद पारित नहीं हो सका। क्योंकि इस संविधान संशोधन विधेयक को पारित होने के लिये लोकसभा में विशेष यानी दो तिहाई बहुमत की ज़रूरत थी। गोया वर्तमान में लोकसभा में कुल 543 सदस्य हैं और कुल सदस्यों का सामान्य बहुमत लगभग 272 होता है जोकि सरकार के गठन के लिये तो पर्याप्त है परन्तु संविधान संशोधन के लिये उपस्थित और मतदान करने वालों सदस्यों में दो-तिहाई बहुमत के लिए सामान्यतः 362 या इससे अधिक वोट चाहिए। परन्तु चूँकि केवल 298 मत विधेयक के पक्ष में और 230 इस के विपक्ष में पड़े इसलिये यह विधेयक पारित नहीं हो सका।

वैसे भी इतना महत्वपूर्ण विधेयक सदन की पटल पर लाने से पूर्व जिसपर परिसीमन को लेकर चर्चा की जाने थी, सत्ता पक्ष ने विपक्ष से बात करना,सर्वदलीय बैठक बुलाना या विपक्ष को विश्वास में लेना भी ज़रूरी नहीं समझा।

अब इस नारी शक्ति वंदन नामक विधेयक के गिरने के बाद सत्ता ने एक बड़ा है हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू किया जिस के तहत पहले तो प्रधानमंत्री ने कैबिनेट की बैठक में विधेयक गिरने का ठीकरा विपक्ष पर फोड़ा और बाद में प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन किया जो कि एक रुन्दन भरा व शत प्रतिशत चुनावी भाषण जैसा सम्बोधन था। जनता के टैक्स के पैसों से संचालित होने वाले दूरदर्शन,संसद टी वी व ऑल इंडिया रेडिओ जैसे चैनल्स पर इसे लाइव प्रसारित किया गया। जबकि सत्ता के गुणगान में लगे गोदी मीडिया के अधिकांश निजी चैनल्स ने भी इसे लाईव प्रसारित किया। यह संबोधन पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित, विपक्षी दलों को बदनाम करने,कई राज्यों में चल रहे चुनावों के बीच चुनाव को प्रभावित करने वाला तथा चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन था। सही मायने में सरकार की जितनी फ़ज़ीहत विधेयक के पारित न होने से हुई थी उससे कहीं ज़्यादा इस तथाकथित राष्ट्र संबोधन से हो गयी। 18 अप्रैल को राष्ट्र के नाम सम्बोधन के नाम पर दिये गये इस 29 मिनट के चुनावी भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन किया बल्कि अन्य कई विपक्षी दलों के अतिरिक्त 58 बार केवल कांग्रेस पार्टी का नाम लेकर उसे ख़ूब कोसा। इसके बाद देश के 700 से अधिक पूर्व नौकरशाहों व विशिष्ट लोगों ने भारतीय चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई कि प्रधानमंत्री के प्रसारण में चुनाव अचार संहिता की धज्जियाँ उड़ाई गयीं और प्रधानमंत्री का भाषण चुनाव अचार संहिता का सरासर उल्लंघन है। क्योंकि चुनाव अचार संहिता के लागू होने के बावजूद सरकारी टी वी प्रसारण के द्वारा चुनाव प्रचार किया गया और पार्टी प्रोपेगैंडा करने के लिए सरकारी मास मीडिया प्लेटफ़ार्म का दुरूपयोग किया गया जोकि चुनाव नियमों का गंभीर उल्लंघन है। निश्चित रूप से देश के इतिहास में यह पहला मौक़ा था जबकि किसी प्रधानमंत्री ने केवल विपक्ष को बदनाम करने व उसकी आलोचना करने के लिए राष्ट्र को संबोधित करने के बहाने इस तरह से सरकारी प्लेटफ़ॉर्म का इस्तेमाल किया हो।

इसके बाद मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने जिसतरह आंकड़ों व तथ्यों के साथ भाजपा को आइना दिखाना शुरू किया उससे तो भाजपाइयों के लेने के देने पड़ गये। ,सबसे पहले तो कांग्रेस ने कहा कि जो महिला आरक्षण विधेयक पहले ही संसद में पारित हो चुका है उसे पुनः पारित करने का अर्थ क्या है ? नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि ये दरअसल महिला आरक्षण विधेयक नहीं है बल्कि भारत के वर्तमान चुनावी ढांचे को बदलने की साज़िश है। राहुल गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री महिला आरक्षण चाहते हैं तो 2023 का पारित हो चुका महिला विधेयक लायें और उसे आज ही लागू करें तो पूरा विपक्ष समर्थन देगा। साथ ही इस विधेयक के गिरने के बाद महिलाओं की हमदर्दी में घड़ियाली आंसू बहाने व विपक्ष पर ही हमलावर होने वाली भाजपा से इसी विपक्ष ने ऐसे सवाल पूछने शुरू कर दिए जिसका भाजपा के लफ़्फ़ाज़ी नेताओं के पास कोई जवाब नहीं।

महिला आरक्षण के इन स्वयंभू सत्ताधारी हमदर्दों से विपक्ष ने यह भी पूछा कि सबसे ज़्यादा सांसद होने के बाद भी बीजेपी की महिला सांसदों की संख्या का अनुपात अन्य राजनैतिक दलों की तुलना में सबसे कम क्यों है ? ग़ौरतलब है कि वर्तमान लोकसभा में बीजेपी के 240 लोकसभा सांसदों में केवल 31 महिलाएं हैं अर्थात उनकी संख्या मात्र 12.90% है। जबकि कांग्रेस के 98 सांसदों में 14 यानी 14.30% इसी प्रकार टीएमसी के 29 में 11 महिला सांसद यानी 37.90% महिलाएं हैं। इसी तरह समाजवादी पार्टी में भी 37 में 5 यानी 13.50% महिला सांसद हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने भाजपा का यह चिट्ठा भी खोलकर रख दिया कि भाजपा के शासन में यहाँ तक कि स्वयं अनेक भाजपा नेताओं द्वारा नारियों का किस तरह शोषण व अपमान किया गया है व किया जा रहा है। इसलिये यह कहना ग़लत नहीं होगा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक के गिरने पर प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम रुन्दन भरा संबोधन कोरी राजनीति,आचार संहिता का उल्लंघन ,जनता के टैक्स के पैसों का दुरूपयोग और भाजपा की हताशा के सिवा और कुछ नहीं था।

पुस्तक संस्कृति का क्षरणः आने वाले संकट की आहट

योगेश कुमार गोयल

पुस्तकों की महत्ता और इनसे अर्जित ज्ञान के संबंध में सदैव कहा जाता रहा है कि ज्ञान कभी बेकार नहीं होता और पुस्तकें विभिन्न संस्कृतियों, पहचानों और भाषाओं के माध्यम से अपनी विशिष्टताओं को प्रकट करते हुए एक कहानी और एक सामान्य विरासत के आसपास लोगों को एक साथ लाती हैं लेकिन यह चिंताजनक है कि पाठकों में पुस्तकें पढ़ने की आदत निरंतर कम होती जा रही है। लोगों को पुस्तकें पढ़ने, कॉपीराइट कानूनों तथा अन्य उपायों को समझने के लिए प्रोत्साहित करने, लेखकों और पुस्तकों को वैश्विक सम्मान देने तथा पढ़ने की कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 23 अप्रैल को यूनेस्को तथा दुनियाभर के अन्य संबंधित संगठनों द्वारा 'विश्व पुस्तक दिवस' मनाया जाता है। 'विश्व पुस्तक तथा कॉपीराइट दिवस' का औपचारिक शुभारंभ 'यूनेस्को' द्वारा 23 अप्रैल 1995 को किया गया था। यह चिंता का विषय है कि आधुनिकता के दौर में बच्चों के साथ-साथ बड़ों का लगाव भी पुस्तकों के प्रति कम हुआ है। मोबाइल और कम्प्यूटर के जमाने में अब बच्चे हों या बड़े, अधिकांश इन्हीं पर अपना ज्यादातर समय बिताने लगे हैं लेकिन अधिकांश विद्वानों का स्पष्ट मत है कि इंटरनेट या विभिन्न संचार माध्यमों से मिलने वाली जानकारियों को हमारे मस्तिष्क को चुपचाप ग्रहण करना पड़ता है, जो दिमाग की खुद की कल्पनाशीलता को कुंद कर देते हैं जबकि पुस्तकें पढ़ने के लिए ध्यान, एकाग्रता और मेहनत की आवश्यकता होती है, जिससे विचारों और भावनाओं के लिए नई रोशनी और प्रोत्साहन मिलता है। इसलिए जरूरी है कि टीवी या सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से चिपके रहने के बजाय पुस्तकों की दुनिया को जीवन का अभिन्न अंग बनाया जाए ताकि रचनात्मकता का उपयोग करते हुए क्षितिज का विस्तार करने में पुस्तकों की शक्ति का बेहतर उपयोग किया जा सके। बाल साहित्य और ज्ञानवर्द्धक पुस्तकों के माध्यम से बच्चों के मानसिक विकास को बढ़ावा देने और साहित्य के प्रति उनमें आजीवन प्रेम उत्पन्न करने का भी प्रयास किया जाए। जिस समय हमारे आसपास कोई नहीं होता या हम अकेले अथवा उदास हैं, परेशान हैं, ऐसे समय में पुस्तकें ही हमारी सच्ची दोस्त बनकर हमें सहारा देती हैं। हमारे दिलोदिमाग में उमड़ते सवालों का जवाब पाने के लिए पुस्तकों से बेहतर और कोई जरिया नहीं हो सकता। सभी भारतीय भाषाओं में पुस्तकों को बढ़ावा देने और पढ़ने की संस्कृति विकसित करने की एक पहल के रूप में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा प्रतिवर्ष दिल्ली में भव्य पुस्तक मेले 'विश्व पुस्तक मेला' का आयोजन किया जाता है। इस प्रकार के आयोजन लोगों में किताबें पढ़ने की रूचि विकसित करने के साथ-साथ कलम और मुद्रित दुनिया की ताकत को दोहराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि हर साल इतने भव्य और विशाल पुस्तक मेले के सफल आयोजन के बावजूद विशेषकर हिन्दी भाषी पाठकों में पुस्तकें पढ़ने की आदत कम हो रही है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि साल में एक बार आयोजित होने वाले विश्व पुस्तक मेले के अलावा भी ऐसे क्या प्रयास किए जाएं, जिससे लोगों की दिलचस्पी पुस्तकों के प्रति बढ़े और हिन्दी पुस्तकें ज्यादा से ज्यादा पाठकों तक पहुंच सकें? आज के दौर में लोगों की रूचि पुस्तकों में कम होती जा रही है, ऐसे में पुस्तक मेलों के आयोजन के माध्यम से तो लोगों में पुस्तकों के प्रति आकर्षण बढ़ाने के प्रयास किया जाना जरूरी है ही, साथ ही स्कूलों और स्थानीय पुस्तकालयों में भी अच्छी पुस्तकें पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। खासकर बच्चों के समग्र विकास के लिए तो उन्हें प्रेरणादायक बाल साहित्य, दिलचस्प नवीनतम साहित्य तथा अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकों की ओर आकर्षित करना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि ऐसी पुस्तकों को पढ़ने से उनका मानसिक और सामाजिक विकास तीव्रता से होता है। किसी भी स्कूल का पुस्तकालय बच्चों में पुस्तकों के प्रति प्रेम विकसित करने और उन्हें दुनिया के बारे में अधिक जानने में भी मदद करता है। यही कारण है कि केवल पाठ्य पुस्तकों को ही बच्चों की समझ को विकसित करने के लिए पर्याप्त नहीं माना जाता। इसीलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में सभी स्तर के विद्यार्थियों के लिए स्कूल और स्थानीय पुस्तकालयों में स्थानीय भाषाओं में दिलचस्प और प्रेरणादायक बाल साहित्य तथा पुस्तकें बड़ी संख्या में उपलब्ध कराने की बात कही गई थी लेकिन मौजूदा समय में स्कूलों में ऐसी पुस्तकों की उपलब्धता के आंकड़े बेहद निराशाजनक हैं। कुछ राज्यों में स्कूलों की लाइब्रेरी में पुस्तकों की संख्या संतोषजनक है लेकिन कई राज्यों में बच्चों के पढ़ने के लिए पुस्तकों की कमी के मामलों में लापरवाही व उदासीनता साफ झलकती है। हालांकि नई पुस्तकों की खरीद के लिए प्रतिवर्ष लाखों रुपये का बजट आवंटित होता है लेकिन स्कूलों के पुस्तकालयों में रखरखाव के अभाव में पुस्तकों को दीमक चाट रहे हैं। कमोवेश ऐसा ही हाल देश के लगभग सभी राज्यों में देखने को मिलता है। स्कूलों में बच्चों के लिए पुस्तकों की उपलब्धता और उनके रखरखाव में लापरवाही के मामलों को गंभीरता से देखने और इसे लेकर कड़े कदम उठाने की जरूरत है ताकि स्कूली स्तर पर ही पुस्तकों के प्रति बच्चों का आकर्षण कम न होने पाए।

आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन सकारात्मक रहेगा। आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा होगा आपको रिलैक्स फील होगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है, जल्द ही आप करियर में नया मुकाम पाने वाले हैं। खासतौर पर साइंस से जुड़े छात्रों के लिए दिन फायदेमंद रहेगा। आज माता-पिता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जा सकते हैं।

वृष राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। जो छात्र कॉलेज में नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, वो जल्द ही प्रोजेक्ट पूरा कर लेंगे शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा। आज किसी भी कार्य करने की शुरुआत बुजुर्गों के आशीर्वाद लेकर करें अवश्य सफल होंगे। दोस्तों के साथ आपका दिन अच्छा गुजरेगा। आज अपनी गलतियों से कुछ बेहतर सीखेंगे।

मिथुन राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कुछ लोग आपसे किसी काम के लिए मदद मांग सकते हैं। परिवार में आपके गुणों की तारीफ़ हो सकती है। किसी नयी तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में इजाफा होगा। आज जीवनसाथी के साथ डिनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे।

कर्क राशिः आज आपका दिन शुभ फलदायक रहेगा। आज आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपके ऑफिस में काम को लेकर आपकी शिकायत कर सकता है। आपको हर चीज़ परफेक्ट रखनी चाहिए चाहे वो कोई भी काम हो । अगर आप नए काम की शुरुआत करने जा रहे हैं तो काम में बड़ों से विचार विमर्श जरूर कर लें।

सिंह राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी विशेष काम की ओर आपका झुकाव हो सकता है, आप अपना पूरा दिन पसंदीदा काम को करने में गुजारेंगे। आज करियर के मामले में स्थिति बेहतर होने के आसार हैं। आज सेहत के प्रति आपको सतर्क रहने की जरूरत है। फास्ट फूड खाने से आपको बचना चाहिए।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपको किसी तरह के कानूनी मामले में दोस्तों की मदद मिलेगी। आज आप परिवार वालों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे, जिसमें आप काफी हद तक सफल भी होंगे। दोस्तों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। आपको काम में कुछ नये लोगों के साथ साझेदारी करने का मौका मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए मिली- जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपको व्यापार में उम्मीद से कुछ कम ही लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, आपको ख़ुशी होगी। आज ऑफिस में काम की अधिकता थोड़ी ज्यादा रहेगी, लेकिन शाम तक सारा काम अच्छे से निपट जायेगा।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह ख़ुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी ख़ुशी होगी। आज की शाम परिवार वालों के साथ बितायेंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा।

धनु राशिः आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियाँ लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा, आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके नजरिये को एक सकारात्मक दिशा देंगे। आज आपको किसी काम को करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमानें का है।

कुम्भ राशिःआज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ आप मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र में लोगों से हर तरह का सहयोग मिलेगा। कुछ दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आपको अचानक से कुछ ऐसा हासिल हो सकता है, जिसकी आपको वर्षों से तलाश थी।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहनों का सपोर्ट मिलेगा। अपने परिवार वालों के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। करियर में तरक्की के रास्ते खुल सकते हैं। आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना चाहिए और आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरुरत है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

कप्तान के तौर पर महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा को टक्कर देते नजर आ रहे श्रेयस अय्यर

एजेंसी, मुम्बई

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कप्तानी के आंकड़ों की बात करें तो चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और मुम्बई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का रिकार्ड सबसे बेहतर माना जाता है। इन दोनों दिग्गजों ने अपनी-अपनी टीमों को पांच-पांच बार खिताब जिताया है। वहीं अब पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर इन दोनो ही दिग्गजों को टक्कर देते हुए नजर आ रहे हैं। श्रेयस ने अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को जीत दिलायी थी जबकि पिछली बार उनकी कप्तानी में पंजाब उपविजेता रही थी।

हाल के आंकड़ों को देखें तो अय्यर कप्तानी के मामले में तेजी से आगे आये है। उन्होंने अब तक कुल 93 आईपीएल मैचों में कप्तानी की है, जिसमें उनकी टीम ने 55 मुकाबलों में जीत हासिल की है, जबकि उसे केवल 35 में ही हार मिली है। इस प्रकार उनका जीत का प्रतिशत 59.13 है, जो उन्हें आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों की सूची में शीर्ष स्तर पर पहुंचा रहा है। उन्होंने केकेआर और पंजाब के अलावा दिल्ली कैपिल्स की भी कप्तानी की है।

धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स को जबकि रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस को चैम्पियन बनाया पर जीत के प्रतिशत के मामले में श्रेयस इन दोनो के करीब पहुंच गये हैं। धोनी और रोहित ने जहां कई साल तक कप्तानी वहीं अय्यर कम समय में ही तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

श्रेयस एक एक परिपक्व कप्तान नजर आते है। जिस प्रकार उन्होंने साल 2024 में केकेआर की युवा टीम को एकजुट कर विजेता बनाया था उससे पता चलता है कि वह रणनीत बनाने में भी माहिर हैं। जिस प्रकार से वह आगे बढ़ रहे है उससे तय है कि आने वाले समय में वह काफी आगे निकल जाएंगे।

धोनी वापसी के लिए तैयार नजर आ रहे, बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग का किया अभ्यास

एजेंसी, मुम्बई

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अब गुरुवार को यहां मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मैच में वापसी कर सकते हैं। इसका संकेत इससे मिलता है कि धोनी ने गत दिवस वानखेड़े स्टेडियम में जमकर विकेटकीपिंग का अभ्यास किया। इसके बाद उन्होंने नेट्स में बल्लेबाजी की। धोनी के अलावा सरफराज खान और उर्विल पटेल ने भी अभ्यास किया। आयुष म्हात्रे के टूर्नामेंट से बाहर होने के कारण इस मैच में युवा उर्विल को भी अवसर मिल सकता है। धोनी ने अब तक इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेला है। जिससे सीएसके का प्रदर्शन बेहद खराब हुआ है। अभी टीम अंक तालिका में आठवें स्थान पर है और उनका नेट रन रेट भी निगेटिव है। ऐसे में अगर धोनी को टीम में जगह मिलती है तो ये टीम के लिए फायदेमंद होगा। धोनी निचले क्रम में छोटी-छोटी पारियां खेलते हैं, तो यह सीएसके के लिए बड़ा फायदमंद होगा क्योंकि इस सत्र में सीएसके की बल्लेबाज काफी कमजोर रही है। वहीं मुंबई इंडियंस की ओरे इंग्लैंड के विल जैक्स भी टीम में वापसी करेंगे। जैक्स ने निजी कारणों से अब तक के मैच नहीं खेले थे। इस खिलाड़ी के आने से मुंबई इंडियंस को लाभ होगा। इस मैच में अगर रोहित शर्मा नहीं खेलते हैं, तो जैक्स को क्विंटन डिकॉक के साथ पारी शुरु करने का अवसर मिल सकता है।

डिविलियर्स ने किया था ताजमहल के सामने प्रपोज

एजेंसी, जोहांसबर्ग

दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एबी एबी डिविलियर्स अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण क्रिकेट जगत में छाये रहे हैं। मैदान पर चारों ओर शॉट खेलने के कारण वह मिस्टर 360 के नाम से भी लोकप्रिय रहे हैं। डिविलियर्स ने 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ये कहते हुए संन्यास ले लिया था कि उन्हें अपने परिवार के साथ समय बिताना है। उन्होंने अपने 14 साल के शानदार करियर में सबसे तेज शतक सहित कई रिकार्ड अपने नाम किये हैं। खेल के साथ ही मैदान के बाहर भी अपने अफेयर ओर शादी के लिए वह चर्चाओं में रहे हैं। इस दौरान भारत से भी उनका जुड़ाव इस कारण रहा कि उन्होंने शादी के लिए आगरा के ताजमहल के सामने प्रपोज किया था1 डिविलियर्स की पत्नी डेनियल डिविलियर्स भी एक सफल उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता रही हैं। वह प्रिटोरिया में एक इंडोर प्लेग्राउंड और कैफे चलाती हैं। डेनियल अक्सर चैरिटी के कामों में सक्रिय रहती हैं; आईपीएल 2016 के दौरान उन्होंने बच्चों के लिए धन जुटाने के उद्देश्य से शेन वॉटसन के साथ एक गाना भी गाया था, जिससे पता चलता है कि वह सामाजिक जिम्मेदारियों को भी निभाती हैं। डिविलियर्स और डेनियल का अफेयर साल 2007 में हुई, जब डिविलियर्स डेनियल के माता-पिता के होटल में दोपहर के भोजन के लिए गए थे। यहीं पहली बार डिविलियर्स ने डेनियल को देखा और प्रभावित हो गये।

ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस में अभिषेक शर्मा और इशान मलिंगा ने लगायी छलांग

एजेंसी, मुम्बई

सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए मैच के बाद आईपीएल में ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की रेस में बदलाव आया है। इस मैच में शतक लगाने के साथ ही सनराइजर्स के अभिषेक शर्मा 323 रनों के साथ ही ऑरेंज कैप की दौड़ में नंबर एक स्थान पर पहुंच गये हैं। वहीं सनराइजर्स के ही हेनरिक क्लासेन 320 रनों के साथ ही दूसरे और गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल 265 रनों के साथ ही तीसरे नंबर पर हैं। आरसीबी के विराट कोहली 247 और राजस्थान रॉयल्य के वैभव सूर्यवंशी 246 रनों के साथ ही चौथे और पांचवें नंबर पर हैं। सनराइजर्स के कप्तान ईशान किशन सात मैचों में 238 रनों के साथ छठे स्थान पर हैं। उनका औसत 34.00 का है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार सातवें पादयान पर खिसक गए हैं। उन्होंने छह मैचों में 46.00 के औसत से 230 रन जोड़े हैं।

आईपीएल अंक तालिका में तीसरे नंबर पर पहुंची सनराइजर्स, पंजाब शीर्ष पर बरकरार

एजेंसी, मुम्बई

इंडियन प्रीमियर लीग यानी (आईपीएल) 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए मुकाबले के बाद अंकतालिका में बदलाव आया है। इस मैच में सनराइजर्स को जीत का लाभ मिला है और वह अंकतालिका में तीसरे नंबर पर पहुंच गयी है। वहीं दिल्ली कैपिल्स हार के बाद भी पहले की तरह ही पांचवे स्थान पर है जबकि अब तक शीर्ष 3 में रही राजस्थान रॉयल्स चौथे नंबर पर फिसल गयी है। नंबर एक स्थान पर पंजाब किंग्स बरकरार है। गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) दूसरे नंबर पर है। पंजाब किंग्स को अभी तक एक भी हार नहीं मिली है और उसके सबसे अधिक 11 अंक हैं। उसने 6 मैचों में से 5 मैच जीते हैं जबकि एक मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया। वहीं आरसीबी 6 मैचों में 8 अंकों के साथ ही दूसरे जबकि सनराइजर्स एक स्थान के लाभ के साथ ही तीसरे स्थान पर आ गयी है। उसके 7 मैचों के बाद 8 अंक हैं। चार मैच टीम ने जीते हैं, जबकि 3 मैच हारी हैं। रॉयल्स चौथे स्थान पर खिसक गयी है, वह 6 मैचों में से 4 मैचों में जीती है और दो मैच हारी है पर कि 8 अंक होने के बाद भी वह नेट रन रेट में पीछे होने के कारण चौथे स्थान पर है। इसके अलावा दिल्ली कैपिटल्स पांचवें स्थान पर है। वह 6 में से 3 मैच हारी है और उसके 6 अंक हैं। छठे पायदान पर गुजरात टाइटन्स है, वह 6 में से 3 मैच जीती है पर नेट रन रेट उनका कम होने के कारण पीछे हो गयी है। मुंबई इंडियंस सातवें स्थान पर बरकरार है, जिसने 6 में से दो मैच जीते हैं और उसके चार अंक हैं पर नेट रन रेट अन्य टीमों से अच्छा है। आठवें स्थान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने अब तक 6 मैचों में से दो जीते हैं, लेकिन नेट रन रेट एमआई से बेहतर नहीं है। नौवें स्थान पर लखनऊ सुपर जायंट्स है।

बिजनेस

घरेलू शेयर बाजार में तीन दिन की तेजी के बाद लगा ब्रेक, बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

बाजार की कमजोरी के बावजूद 69 हजार करोड़ के फायदे में रहे निवेशक

एजेंसी, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के जल्द खत्म होने की उम्मीद को झटका लगने की वजह से घरेलू शेयर बाजार आज गिरावट का शिकार हो गया। इस तरह लगातार तीन कारोबारी दिन तक मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने आज कमजोरी के साथ कारोबार का अंत किया। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के तुरंत बाद मामूली खरीदारी भी हुई, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बढ़ता चला गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी भी बढ़ती गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.95 प्रतिशत और निफ्टी 0.81 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी, टेक, बैंकिंग और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। जोरदार बिकवाली के कारण निफ्टी का आईटी इंडेक्स इंट्रा-डे में पांच प्रतिशत तक फिसल गया। हालांकि, बाद में आईटी इंडेक्स 3.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस और मेटल इंडेक्स मजबूती के साथ हरे निशान में बंद होने में सफल रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स 1.13 प्रतिशत की उछाल के साथ बंद होने में सफल रहा। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 469.36 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 468.67 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 69 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,422 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,440 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,838 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 144 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,953 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,727 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,226 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर बढ़त के साथ और 19 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 20 शेयर हरे निशान में और 30 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 253.99 अंक की कमजोरी के साथ 79,019.34 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही यह सूचकांक उछल कर 79,031.03 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद बिकवाली शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की कमजोरी बढ़ने लगी। सुबह 10:30 बजे के बाद एक बार फिर खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे सेंसेक्स की चाल में सुधार होने लगा।

इस्पात मंत्रालय स्टील क्षेत्र पर 27 अप्रैल को करेगा खुली चर्चा, पंजीकरण शुरू

एजेंसी, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र सरकार स्टील के महत्त्व से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में 27 अप्रैल को एक खुले मंच का आयोजन करेगी। वैश्विक तनाव के बीच इस सेक्टर के सामने बढ़ रही चुनौतियों को देखते हुए इस बैठक को अहम माना जा रहा है। इस्पात मंत्रालय के मुताबिक यह बैठक सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगी। मंत्रालय ने कहा कि लॉजिस्टिक चुनौतियों के कारण वॉक-इन भागीदारी की अनुमति नहीं होगी और व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रति संगठन केवल एक प्रतिनिधि ही हिस्सा ले सकेगा। मंत्रालय की ओर से यह परामर्श दिया गया है कि इस्पात आयात के लिए एस.आई.एम.एस., सरल एस.आई.एम.एस. या क्यू.सी.ओ. छूट से संबंधित समस्याओं का सामना करने वाली कंपनियां या एसोसिएशन्स शुक्रवार को दोपहर 3 बजे तक अपने अनुरोध को tech-steel@nic.in ई-मेल पर ही भेजें, ताकि उन्हें निश्चित समय स्लॉट प्राप्त हो सकें।

सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली गिरावट, चांदी 10 हजार रुपये तक सस्ती हुई

एजेंसी, नई दिल्ली

सर्राफा बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में आज लगातार तीसरे दिन सांकेतिक कमजोरी नजर आ रही है। इसी तरह चांदी के भाव में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,55,270 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,55,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,42,330 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी आज 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम सस्ता हो गया है। इस गिरावट के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,64,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,55,420 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,480 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,55,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,55,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,380 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,55,980 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,42,980 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,55,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,55,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,55,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,42,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,55,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,55,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,55,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,42,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

एजेंसी, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव को खत्म करने के लिए प्रस्तावित शांति वार्ता के दूसरे दौर को ईरान द्वारा रिजेक्ट कर दिए जाने और कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी लगातार बढ़ती चली गई। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.97 प्रतिशत और निफ्टी 0.82 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से नेस्ले, टीएमपीवी, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 2.26 प्रतिशत से लेकर 0.96 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एचसीएल टेक्नोलॉजी, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और टीसीएस के शेयर 8.69 प्रतिशत से लेकर 1.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,708 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,366 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,342 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से चार शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 26 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

सीजफायर का ऐलान होने के बावजूद 100 डॉलर के करीब पहुंचा ब्रेंट क्रूड

एजेंसी, नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ सीजफायर को बढ़ाने का निर्देश देने के बावजूद आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार में ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के काफी करीब पहुंच गया। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने भी 90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर लिया। हालांकि बाद में कच्चे तेल की कीमत में मामूली गिरावट भी दर्ज की गई। आज ब्रेंट क्रूड ने तेजी दिखाते हुए 100 डॉलर के करीब 99.24 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। थोड़ी देर में ही यह उछल कर 99.29 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। भारतीय समय के अनुसार सुबह 9:15 बजे तक का कारोबार होने के बाद ब्रेंट क्रूड 98.34 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह डब्ल्यूटीआई क्रूड में आज 90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर 90.38 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। थोड़ी देर में ही यह उछल कर 90.71 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि बाद में इसके भाव में मामूली गिरावट भी दर्ज की गई। भारतीय समय के अनुसार 9:15 बजे डब्ल्यूटीआई क्रूड 89.47 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

कच्चे तेल में तेजी जारी, ब्रेंट क्रूड का भाव 98 डॉलर प्रति बैरल

एजेंसी, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीव कच्चे तेल की कीमतें अभी ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। ईरान के साथ सीज फायर की समय-सीमा आगे बढ़ने के बावजूद कच्चे तेल का भाव 100 डॉलर के आसपास है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बुधवार सुबह शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 98 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रहा है। पिछले दो दिन में इसने करीब 10 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) 90 डॉलर प्रति बैरल के आसपास ट्रेंड कर रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच लगातार आ रही तनाव पूर्ण खबरों से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव में उतार-चढ़ाव बना हुआ है, लेकिन असली समस्या सप्लाई की है। जानकारों का मनना है कि जब तक आपूर्ति सामान्य नहीं होती कीमतों में स्थिरता आनी मुश्किल है। विशेषज्ञों का कहना है कि तेल बाजार और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र स्ट्रेट ऑफ होर्मुज है, जब तक इस क्षेत्र में स्थिति सामान्य नहीं होती और कोई शांति समझौता नहीं होता है, तब तक तेल की कीमतें ऊंची रह सकती हैं और महंगाई पर भी असर पड़ सकता है।

सूरज बड़जात्या के 'प्रेम' की 12 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी

अब इश्क फरमाएंगे आयुष्मान और शर्वरी

फिल्म में आयुष्मान के साथ पहली बार शर्वरी वाघ की जोड़ी बनेगी, शरवरी का किरदार पारंपरिक राजश्री हीरोइनों की छवि को गढ़ता नजर आएगा

फिल्म प्रड्यूसर-डायरेक्टर सूरज बड़जात्या दर्शकों के लिए जल्द ही फैमिली एंटरटेनर फिल्म लेकर आ रहे हैं। प्रोडक्शन हाउस ने अपनी नई फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का ऑफिशियल ऐलान कर दिया है। यह एक म्यूजिकल फैमिली एंटरटेनर होगी, जिसमें आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ लीड रोल में नजर आएंगे। सूरज बड़जात्या की फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण राजश्री प्रोडक्शंस और महावीर जैन फिल्म्स मिलकर कर रहे हैं। प्रोडक्शन हाउस ने इस प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए बताया कि यह फिल्म एक पारिवारिक कहानी पर आधारित होगी, जो दर्शकों को भावनाओं और संगीत से जोड़ने का प्रयास करेगी। इस फिल्म के जरिए राजश्री प्रोडक्शंस का लोकप्रिय किरदार 'प्रेम' करीब 12 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी करेगा। इस बार इस किरदार को पहली बार आयुष्मान खुराना निभाएंगे। अपनी अलग तरह की एक्टिंग और सादगी भरे अंदाज के लिए पहचाने जाने वाले आयुष्मान इस भूमिका में नया रंग भरते नजर आएंगे। वहीं, फिल्म में आयुष्मान के साथ पहली बार शर्वरी वाघ की जोड़ी बनेगी। शरवरी का किरदार पारंपरिक राजश्री हीरोइनों की छवि को गढ़ता नजर आएगा, जिसमें सादगी, मजबूती और भावनात्मक गहराई देखने को मिलेगी। दोनों कलाकारों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को लेकर भी दर्शकों में उत्सुकता है। फिल्म का संगीत हिमेश रेशमिया दे रहे हैं, जो लंबे समय बाद सूरज बड़जात्या के साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले दोनों ने 'प्रेम रतन धन पायो' में साथ काम किया था, जिसका संगीत काफी फेमस हुआ था। ऐसे में इस नई फिल्म के गानों को लेकर भी बड़ी उम्मीदें जताई जा रही हैं। साफ-सुथरी पारिवारिक फिल्म के साथ दर्शकों के बीच लौट रहे हैं मेकर्स का मानना है कि यह फिल्म परिवारों को एक बार फिर सिनेमाघरों तक खींचने में सफल होगी। 'ये प्रेम मोल लिया' भावनाओं, रिश्तों और संगीत के खूबसूरत संगम के साथ एक पारिवारिक मनोरंजन के रूप में अलग पहचान बनाने की कोशिश करेगी। सूरज बड़जात्या हाल ही में 'ऊंचाई' के लिए नैशनल अवॉर्ड जीत चुके हैं और अब वह एक बार फिर अपनी साफ-सुथरी पारिवारिक फिल्म के साथ दर्शकों के बीच लौट रहे हैं।

भोजपुरी इंडस्ट्री में गूंजी शहनाई यामिनी सिंह ने रचाया ब्याह

शादी की तस्वीरें देख लोग बोले- ये कब हुई?

भोजपुरी इंडस्ट्री से एक खुशखबरी आई है। भोजपुरी एक्ट्रेस यामिनी सिंह शादी के बंधन में बंध गई हैं। उनकी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की गई हैं। दुल्हन बनीं यामिनी को फैन्स और उन्हें जानने वाले सोशल मीडिया पर बधाइयां देते दिख रहे हैं। यामिनी की शादी की ये तस्वीरें एक्ट्रेस श्रृष्टि ने उन्हें टैग करते हुए शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने खूब लंबा-चौड़ा नोट भी शेयर किया है जिसमें यामिनी के लिए अपने दिल की बातें कहती दिख रही हैं। उन्होंने इस पोस्ट में लिखा है, 'मेरी प्यारी यामिनी दी आपकी शादी की दिल से बहुत बहुत बधाई आपकी जिंदगी का ये नया सफर प्यार, खुशियां और हमेशा वाली मुस्कुराहट से भरा रहे। सच में मुझे बहुत अफसोस है कि मैं आपकी शादी में आ नहीं पाई, काश मैं खास दिन पर आपके साथ होती लेकिन मेरी हर दुआ और बहुत सारा प्यार हमेशा आप दोनों के साथ हैं। भगवान आपकी जोड़ी को हमेशा खुश रखे और आप दोनों का साथ हमेशा बना रहे ढेर सारा प्यार, यामिनी दी।' श्रृष्टि के इस पोस्ट पर खुद यामिनी ने भी रिएक्ट किया है और लिखा है- थैंक यू बेटू। हालांकि, लोग इन तस्वीरों को देखकर हैरान भी हैं और कुछ सवाल भी कर रहे हैं। एक ने पूछा- ये शूटिंग की तस्वीरें हैं या रियल वाली? प्लीज बताओ।' एक और ने पूछा- ये कब हुआ, प्लीज बता दो। वहीं कुछ लोगों ने लिखा है- अगर रियल है तो बहुत सारी बधाई आप दोनों को। बता दें कि घर वाले और उन्हें करीब से जानने वाले उन्हें प्यार से 'शायरा' कहकर बुलाते हैं। उन्होंने अरविन्द अकेला कल्लू और अवधेश मिश्रा के साथ साल 2019 की फिल्म 'पत्थर के सनम' से भोजपुरी फिल्मों में एंट्री मारी। लखनऊ में जन्मी यामिनी की शुरुआती पढ़ाई रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से हुई थी। बाद में उन्होंने डॉ. डी वाई पाटिल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पुणे और इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। यामिनी एक फैशन डिजाइनर भी हैं। यहां ये भी बता दें कि उन्हें भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे लंबी एक्ट्रेस बताया जाता है। अपनी अधिक हाइट की वजह से ही शुरुआती दिनों में उन्हें फिल्में मिलने में काफी दिक्कतें भी आती थीं।

सूरज की बाहों में..., वादियों में वेकेशन एन्जॉय करती दिखीं श्वेता तिवारी, सादगी से नहीं हटेगी नजर

टीवी की पॉपुलर और खूबसूरत एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने इन दिनों भले ही छोटे पर्दे से दूर हैं, लेकिन वो अक्सर सोशल मीडिया के जरिए फैंस ने जुड़ी रहती हैं. हाल ही में श्वेता तिवारी ने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो अपने बेटे के साथ वैकेशन एंजॉय नजर आ रही हैं. श्वेता तिवारी इन दिनों अपने बेटे के साथ वादियों के बीच वेकेशन एंजॉय कर रही हैं. इंस्टाग्राम पर उन्होंने कई फोटोज शेयर की हैं. इन शेयर की गई फोटोज में एक्ट्रेस बला की खूबसूरत लग रही हैं. 45 की उम्र में भी एक्ट्रेस अपनी क्यूटनेस से सबको दीवाना बना रही हैं. श्वेता तिवारी अपने बेटे संग इन दिनों पहाड़ों और नदी के बीच सुकून भरे पल बिताती नजर आ रही हैं. व्हाइट टी-शर्ट और हाई स्लिट स्कर्ट में श्वेता तिवारी का लुक भी काफी स्टाइलिश लग रहा है. वो एकदम संतूर मॉम लग रही हैं. इस फोटो में एक्ट्रेस अपने बेटे को लाड प्यार करती नजर आ रही हैं. उनका ये अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है. एक्ट्रेस ने वेकेशन की फोटोज शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, सूरज की बाहों में. विटामिन डी फ्री है, साथ ही मूड अपग्रेड भी. उनकी ये फोटोज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं. फैंस उनकी मुस्कान और सादगी पर दिल हार बैठे हैं.

राजा शिवाजी का पहला गाना जारी, छत्रपति के लुक में खूब जंचे रितेश देशमुख

राजा शिवाजी एक ऐसी ऐतिहासिक फिल्म है, जिसे बनाने का सपना रितेश देशमुख ने कई साल पहले देखा था। हाल ही में, फिल्म का मराठी, हिंदी और तेलुगु भाषा में टीजर जारी हुआ जिसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। फिल्म में रितेश ने मराठा साम्राज्य के वीर छत्रपति शिवाजी का किरदार निभाया है। इस किरदार में वह खूब जंचे हैं। अब फिल्म से राजा शिवाजी एंथम जारी किया गया है, जो छत्रपति के बल और शौर्य की एक झलक पेश करता है। छत्रपति एंथम को अजय गोगावले ने आवाज दी है। संगीत अजय-अतुल ने दिया है। इसकी भव्यता को बढ़ाने के लिए 80 गायकों का बड़ा कोरस भी शामिल है। रेमो डिसूजा ने कोरियोग्राफी की है, उनके साथ सिद्धार्थ जाधव भी नजर आए हैं। यह गाना हिंदवी स्वराज्य के गौरव, साहस और आत्मसम्मान को दर्शाता है। वहीं फिल्म छत्रपति के जीवन और उनकी विरासत पर आधारित है। फिल्म में जेनेलिया डिसूजा, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन, फरदीन खान और बोमन ईरानी भी हैं।

रवि बाबू की हिंसक थ्रिलर फिल्म रेज़र की रिलीज़

डेट से उठा पर्दा निर्माताओं ने पोस्टर जारी कर बताई तारीख

तेलुगु सिनेमा के सबसे निडर और अप्रत्याशित कहानीकार, रवि बाबू, रेज़र के साथ वापसी कर रहे हैं। यह एक ज़्यादा डार्क और हिंसक थ्रिलर है, जो उनकी पिछली फ़िल्म एनुगुथोंडम घटिकाचलम से काफ़ी अलग है। सुरेश प्रोडक्शंस के बैनर तले सुरेश बाबू द्वारा प्रस्तुत और फ्लाइंग फ्रॉग्स द्वारा निर्मित, रेज़र की दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज़ की तारीख़ 8 मई, 2026, आधिकारिक तौर पर तय हो गई है। यह तारीख रवि बाबू के पिता, स्वर्गीय चलपति राव की जयंती के साथ भी मेल खाती है, जिससे फिल्म के आने में एक भावनात्मक पहलू भी जुड़ जाता है। निर्देशक और मुख्य अभिनेता, दोनों की दोहरी भूमिका निभाते हुए, रवि बाबू इस मनोवैज्ञानिक एक्शन ड्रामा में एक कच्चा और बेचैन कर देने वाला अंदाज़ लेकर आए हैं। रेज़र के टाइटल की घोषणा के बाद से ही इसके बारे में चर्चा लगातार बढ़ती जा रही है।

रिलीज़ की तारीख की हालिया झलक और नए पोस्टरों ने दर्शकों की उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है; इनमें रवि बाबू को शहरी माहौल की कठोरता और औद्योगिक परछाइयों के बीच एक रोंगटे खड़े कर देने वाले अवतार में दिखाया गया है। एक बेहद आकर्षक पोस्टर में उन्हें एक छोटी लड़की के साथ एक अराजक सड़क पर चलते हुए दिखाया गया है, जो फिल्म की क्रूरता और तनाव के पीछे छिपे एक भावनात्मक पहलू की ओर इशारा करता है। फिल्म की शूटिंग फरवरी 2026 में पूरी हो गई थी, और अब डबिंग तथा पोस्ट-प्रोडक्शन का काम भी पूरा हो चुका है; इन सब बातों को देखते हुए रेज़र इस साल तेलुगू सिनेमा की गर्मियों में रिलीज़ होने वाली सबसे साहसी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। रवि बाबू द्वारा लिखित और निर्देशित, रेज़र तनाव, मनोवैज्ञानिक उथल-पुथल और एक खास शैली की हिंसा से भरी एक ऐसी दुनिया में ले जाती है, जो निर्देशक की अपनी खास शैली वाली अप्रत्याशितता को नई ऊंचाइयों तक पहुँचा देती है। फिल्म का अंतिम काम (फिनिशिंग वर्क) अभी चल रहा है, और सुरेश प्रोडक्शंस तथा फ्लाइंग फ्रॉग्स के सहयोग से बनी रेज़र 8 मई, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

जी5 की नई सीरीज लॉरेंस ऑफ पंजाब का ट्रेलर जारी, 27 अप्रैल को होगा प्रीमियर

ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 ने अपनी नई डॉक्यूमेंट्री सीरीज लॉरेंस ऑफ पंजाब का ऐलान करते हुए ट्रेलर जारी किया है। इसकी कहानी कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई की जिंदगी और उत्थान पर आधारित है। इस डॉक्यूमेंट्री के निर्देशन की कमान राघव धर ने संभाली है, जिन्हें नेटफ्लिक्स की डॉक्यूमेंट्री मुंबई माफिया: पुलिस वर्सेज अंडरवर्ल्ड (2023) के लिए जाना जाता है। राघव खन्ना बतौर निर्माता इसके साथ जुड़े हैं। कहानी के जरिए सत्ता और प्रभाव की गतिशीलता का विश्लेषण किया गया है। ट्रेलर 2 मिनट 12 सेकंड लंबा है, जिसमें पंजाब के अपराध जगत और बिश्नोई के छात्र राजनीति से एक कुख्यात अपराधी बनने तक के सफर को दिखाया गया है। इसके साथ कैप्शन दिया गया, कुछ बीते अखबारों की सुर्खियों में नाम बन जाते हैं, और खाली घरों में उनकी मां राह देखती रह जाती हैं। हर सफर को घर का रास्ता नहीं मिलता। सीरीज का प्रीमियर 27 अप्रैल को जी5 पर किया जाएगा, जिसका लुत्फ सब्सक्राइबर यूजर उठा सकेंगे।

फिल्म है जवानी तो इश्क... से पहला धमाकेदार गाना रिलीज, मीका सिंह ने लगाए सुर

वरुण धवन की आगामी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है की पहली झलक हाल ही में जारी की गई थी। डेविड धवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी मुख्य किरादार में नजर आएंगी। निर्माताओं ने फिल्म से पहला धमाकेदार गाना जारी किया है। व्याह करवादो जी गाने का फिल्मांकन वरुण और मृणाल पर किया गया है जो शादी संगीत वाली पूरी वाइब देता है। व्याह करवादो जी को मीका सिंह ने अपनी जोशीली आवाज दी है, जिसमें उनका साथ असीस कौर ने दिया। इसके बोल वायु ने लिखे हैं और संगीत व्हाइट नॉइज कलेक्टिव्स ने दिया है। वरुण का धमाकेदार डांस गाने में चार चांद लगा रहा है। लोग यूट्यूब पर इसे काफी पसंद कर रहे हैं। टिप्स फिल्म्स द्वारा निर्मित यह लव ट्रायएंगल फिल्म भरपूर मनोरंजन और कॉमेडी की डोज देना का वादा करती है। यह 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

पति पत्नी और वो दो का टीजर रिलीज

3 हीरोइनों संग रोमांस करते दिखे आयुष्मान खुराना

पति पत्नी और वो दो सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है. फैंस इसकी झलक पाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. मेकर्स ने उनके इस इंतजार पर अब ब्रेक लगा दिया है . मेकर्स ने आयुष्मान खुराना, सारा अली खान और वामिका गब्बी की अभिनीत फिल्म का टीजर जारी किया है, जिसने फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह बढ़ा दी है. इस टीजर में हंसी, कन्फ्यूजन और जबरदस्त हंगामे का एक मजेदार सफर देखने को मिलेगा. मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पति पत्नी और वो दो का टीजर अपलोड किया है और कैप्शन में लिखा है, समय सब कुछ बदल देता है, पर पतियों की फितरत उसके भी बस में नहीं, आ रहे हैं प्रजापति पांडे, इस बार अपनी पत्नी और वो दो के साथ, पति पत्नी और वो दो का टीजर अब जारी . 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में. 1 मिनट 22 सेकंड के टीजर की शुरुआत एक वॉयसओवर के साथ हुई जिसमें बताया गया कि समय के साथ-साथ बहुत कुछ बदला, पर पतियों की फितरत कभी नहीं बदली. वीडियो में दिखाया गया है कि आयुष्मान के ऑफिस में कोई लड़की मिलने आती है, जिसे देख वह मंत्रमुग्ध हो जाते हैं. यहां उनके इस अंदाज को पतियों की फितरत से तुलना की जाती है. विजय राज नामक पुलिसकर्मी, जो आयुष्मान से बात कर रहा है और कह रहा है, क्या तो किस्मत पाए हो यार, एक दोस्त के साथ पकड़े गए, दूसरा दोस्त छुड़ाने चली आई और ये तीसरी, दोस्त ही है ना?

टीजर में इसे पतियों का यूनिवर्स कहा गया है, और इसमें आयुष्मान को सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह के साथ रोमांस करते हुए दिखाया गया है. टीजर में उन्हें अफरा-तफरी के बीच रास्ता निकालते हुए भी दिखाया गया है, और आखिर में वे चारों एक साथ बंधे हुए एक खतरनाक स्थिति में फंसे हुए नजर आते हैं. 2019 की फिल्म पति पत्नी और वो में कार्तिक आर्यन को दो औरतों के प्यार के बीच फंसा हुआ देखने के बाद, इसका सीक्वल पति पत्नी और वो दो इस कहानी को एक नए लेवल पर ले जाता है. इस बार फिल्म के लीड एक्टर आयुष्मान खुराना दो नहीं, बल्कि तीन औरतों - सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह के बीच फंसे हुए हैं. पति पत्नी और दो को मुदस्सर अजीज ने निर्देशित किया है. इसका निर्माण भूषण कुमार, रेनू रवि चोपड़ा और कृष्ण कुमार ने किया है, जबकि जूनो चोपड़ा इसके क्रिएटिव प्रोड्यूसर हैं. यह फिल्म 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है.

Verdict on Interim Bail of Engineer Rashid, Accused in Terror Funding Case, on April 24

New Delhi. Delhi's Patiala House Court has reserved its verdict on the interim bail plea of MP Engineer Rashid, an accused in a terror funding case. Additional Sessions Judge Prashant Sharma ordered that the decision regarding the interim bail—sought to visit his ailing father—be pronounced on April 24. In his petition, Engineer Rashid stated that his father is unwell and is currently on a ventilator. During the hearing, the counsel appearing on behalf of the National Investigation Agency (NIA) submitted that he could be released on custody parole. Previously, the court had granted Engineer Rashid permission to participate in the parliamentary session while in custody. The court had allowed Engineer Rashid to attend the entire parliamentary session from January 28 to April 2. In November 2025 as well, the court had permitted Rashid to participate in the parliamentary session. Engineer Rashid was also granted permission to cast his vote in the Vice-Presidential election held in September 2025. Engineer Rashid secured a victory in the 2024 Lok Sabha elections by defeating former Jammu and Kashmir Chief Minister Omar Abdullah by a margin of nearly one lakh votes. Rashid was arrested by the NIA in 2016. On March 16, 2022, the Patiala House Court had ordered the framing of charges against Rashid and other accused individuals—including Hafiz Saeed, Syed Salahuddin, Yasin Malik, Shabbir Shah, Masarat Alam, Zahoor Ahmed Watali, Bitta Karate, Aftab Ahmed Shah, Autar Ahmed Shah, Nayeem Khan, and Bashir Ahmed Bhat alias Peer Saifullah. According to the NIA, organizations such as Lashkar-e-Taiba, Hizbul Mujahideen, JKLF, and Jaish-e-Mohammed—acting in collusion with Pakistan's intelligence agency, the ISI—perpetrated attacks and acts of violence against civilians and security forces in Jammu and Kashmir. The All Parties Hurriyat Conference was established in 1993 to carry out separatist activities. According to the NIA, Hafiz Saeed, in collaboration with leaders of the Hurriyat Conference, facilitated the transfer of funds through the 'Hawala' system and other channels to execute terrorist activities. These funds were utilized to foment unrest in the Valley, launch attacks on security forces, set fire to schools, and cause damage to public property. Upon receiving this information, the Ministry of Home Affairs directed the NIA to register a case under Sections 120B, 121, and 121A of the Indian Penal Code (IPC), and Sections 13, 16, 17, 18, 20, 38, 39, and 40 of the Unlawful Activities (Prevention) Act (UAPA).

NITDRD Awarded 'Zero Waste to Landfill' Status

New Delhi. The Central Government has accorded 'Zero Waste to Landfill' status to the National Institute of Tuberculosis and Respiratory Diseases (NITDRD). Launched under the Swachh Bharat Mission Urban 2.0, this initiative has set a new benchmark for sustainable waste management within the healthcare sector. The Institute has demonstrated remarkable commitment to environmental responsibility by implementing a comprehensive system for waste segregation, recycling, and composting. According to the Union Ministry of Urban Development, the 'Why Waste Wednesdays' Foundation—in collaboration with the Municipal Corporation of Delhi (South Zone)—implemented this project under its flagship program, 'Swachh Sankalp'. The project commenced with a detailed waste audit and baseline survey; based on the findings, the Institute's waste generation system was assessed, and targeted interventions were formulated. Subsequently, approximately 50 awareness sessions were conducted for hospital personnel and staff, thereby fostering a culture of effective waste management. Notably, the Institute—which spans an area of 27 acres—generates approximately 1 to 1.2 tons of waste daily, including 500 to 650 kilograms of wet waste. To manage this volume, a Wet Waste Composting Center, a Dry Waste Resource Center, and a Horticultural Waste Management System have been established. Furthermore, 40 'Gaia' composting bins and two horticultural waste shredders have been installed, alongside the creation of a dedicated monitoring station. The South Zone team of the Municipal Corporation of Delhi formally marked this achievement by inaugurating 40 'Aerobin' composting units in the Mehrauli Ward. This initiative by NITDRD represents a significant stride toward sustainable development within the healthcare sector.

Brief news

ARSD and Sri Guru Nanak Dev College Triumph in T20 Day-Night Cricket Tournament

New Delhi. New Delhi's Sri Guru Nanak Dev Khalsa College and Atma Ram Sanatan Dharma College (ARSD) registered comfortable victories in the 3rd Swami Dayanand Saraswati Inter-College T20 Day-Night Cricket Tournament. In the first match, powered by Dhruv Kumar's 66 runs off 43 balls, Aarav Dahiya's 51 runs off 35 balls, and Rohit Rai's 34 runs, Sri Guru Nanak Dev Khalsa College posted a total of 229 runs for the loss of 6 wickets in 20 overs. In reply, Shivaji College was bowled out for 103 runs in 15 overs. For the team, Rohan scored 22 runs and Pranjal scored 21 runs. Rohit Rai was awarded the 'Man of the Match' title; in addition to scoring 34 runs, Rohit also claimed 3 crucial wickets in the match. In response, the Shaheed Bhagat Singh College team was bowled out for 184 runs in 19.1 overs. For their side, Vardaan Suri scored 62 runs and Abhinav Mishra scored 29 runs. Aryan Kumar and Paras Pandey claimed three wickets each. Aryan Kumar was named the 'Man of the Match'.

Daughter of IRS Officer Murdered in Amar Colony; Suspected Rape Followed by Strangulation

New Delhi. A heart-wrenching crime has come to light in Amar Colony, an upscale locality in Southeast Delhi. Here, the 21-year-old daughter of a senior IRS officer was murdered inside her own home. According to reports, the deceased was the daughter of a 1997-batch IRS officer. She had recently completed her engineering studies and was currently preparing for the Union Public Service Commission (UPSC) examinations. According to her family, she was studying at home at the time. Consequently, this crime, having occurred within the confines of the home, has left everyone deeply shaken. In this case, suspicion has centered on a former domestic help employed by the family. It is reported that this domestic help, a native of Rajasthan, had worked in the household until about two months ago but was dismissed due to his erratic behavior. He was suddenly spotted in the vicinity of the house on Wednesday morning and has been absconding ever since. Police officials have stated that the accused will be arrested shortly, and the entire case will be solved. Meanwhile, the incident has created an atmosphere of panic among the residents of the locality.

DMRC Prepares Proposal for Foot Over Bridge at Pitampura–Prashant Vihar Metro Station

New Delhi. The Delhi Metro Rail Corporation (DMRC) has prepared a proposal for the construction of a Foot Over Bridge (FOB) on the Outer Ring Road to ensure improved connectivity to the Pitampura–Prashant Vihar Metro Station from the Prashant Vihar and Rohini areas. This proposal has been forwarded to the Public Works Department (PWD) for necessary approval. This information was provided in a press release issued by the Delhi Legislative Assembly on Wednesday. A letter addressed by the Office of the Assembly Speaker to the DMRC requested that immediate steps be taken to resolve this issue. The letter noted that, currently, access to the station is available only from the Pitampura side, compelling local residents to travel a considerable distance. In its response, the DMRC stated that the proposal for the Foot Over Bridge is being formulated in strict adherence to technical standards. To ensure the requisite vertical clearance (headroom) beneath the existing PWD flyover, certain modifications to the road infrastructure will be necessary, in accordance with the standards set by the Indian Roads Congress (IRC) and the National Building Code (NBC). The proposal is currently pending approval with the PWD; construction work is slated to commence once the necessary clearances are obtained. He remarked that the benefits of public amenities like the Metro are truly meaningful only when every citizen—particularly our senior citizens—can utilize them without any difficulty. It is our responsibility to safeguard their comfort and dignity.

Chief Minister Inspects Munak Canal and Chhath Ghat

New Delhi. Delhi Chief Minister Rekha Gupta on Wednesday inspected the cleaning operations at the Munak Canal and the Chhath Ghat currently under construction in the CA Block area of Shalimar Bagh. She sought detailed information from officials regarding the progress of the works and issued necessary directives on the spot. She stated that the timely and systematic infrastructure for religious and cultural events is a priority for the government, aiming to provide citizens with a safe and clean environment. The Chief Minister reiterated that the Delhi government remains committed to building an empowered and developed Delhi—one that is clean, green, and equipped with all basic amenities—by remaining active on the ground 24/7. Strengthening basic infrastructure, ensuring transparency, and improving the lives of citizens remain the government's top priorities.

Justice Tejas Kariya Recuses Himself from Hearing Contempt Petition Against Kejriwal

New Delhi. Justice Tejas Kariya, a judge of the Delhi High Court, has recused himself from hearing a petition seeking the initiation of contempt of court proceedings against former Chief Minister Arvind Kejriwal, other leaders of the Aam Aadmi Party (AAP), and journalist Ravish Kumar, for uploading videos of the proceedings held before Justice Swarana Kanta Sharma's bench. This petition will now be heard by a bench of which Justice Tejas Kariya is not a member. The petition has been filed by advocate Vaibhav Singh. The petition raises objections regarding the recording and uploading to social media of videos of the proceedings wherein a demand was made for Justice Swarana Kanta Sharma to recuse herself from hearing the Central Bureau of Investigation's (CBI) plea challenging the trial court's discharge of Kejriwal in the Delhi Excise Policy scam case. In addition to Kejriwal and Ravish Kumar, the petition seeks the initiation of contempt of court proceedings against Congress leader Digvijaya Singh, and AAP leaders Manish Sisodia, Sanjay Singh, Sanjeev Jha, Purandeep Sahni, Jarnail Singh, Mukesh Ahlawat, and Vinay Mishra. The petition demands that the videos of the court proceedings be removed from social media platforms. It alleges that Kejriwal presented misleading arguments in court without any factual basis. It further claims that Kejriwal leveled several baseless allegations with the intent of undermining the dignity of the court. The petition states that Kejriwal's arguments were recorded and uploaded to various channels across platforms such as X (formerly Twitter), Facebook, Instagram, and YouTube. By doing so, an attempt was made to mislead the general public. Through these actions, an effort was made to exert undue pressure on both the Court and the Central Government. Prior to this, the petitioner, advocate Vaibhav Singh, had lodged a complaint with the Registrar General of the High Court, seeking action against Kejriwal and the others involved. On April 20, Justice Swarana Kanta Sharma's bench had rejected Arvind Kejriwal's plea seeking her recusal from hearing his case. Justice Sharma had stated that one cannot be removed from hearing a case solely on the basis of conjecture.

Vice President, Prime Minister, and Union Home Minister Pay Tribute to Victims on Anniversary of Pahalgam Terror Attack

New Delhi. On the anniversary of the terror attack that took place last year in Pahalgam, Jammu and Kashmir, Vice President C.P. Radhakrishnan, Prime Minister Narendra Modi, and Union Minister of Home Affairs and Cooperation Amit Shah paid their tributes on X on Wednesday. Describing the Pahalgam attack as a "cowardly and brutal act," Vice President C.P. Radhakrishnan stated that the lives lost in it will forever remain alive in our collective memory. Expressing solidarity with the victim families, he asserted that such acts cannot undermine the values of peace, unity, and humanity. He affirmed, "We remain steadfast in our firm resolve to combat terrorism in all its forms and manifestations." He reiterated the nation's unwavering commitment to stand by their families during this hour of grief. Prime Minister Modi emphasized that the country stands united in this time of sorrow and that its resolve against terrorism remains unshaken. Prime Minister Modi stated, "As a nation, we stand united in grief and resolve. India will never bow down before any form of terrorism. The heinous designs of terrorists will never succeed." Union Minister of Home Affairs and Cooperation Amit Shah remarked that the pain of this attack still resides in the heart of every Indian today. It is noteworthy that on April 22, 2025, terrorists belonging to the Lashkar-e-Taiba and the TRF carried out a premeditated attack on tourists in the Besaran Valley of Pahalgam, claiming the lives of 26 people. This attack was executed with the specific intent of targeting individuals based on their religion and fomenting communal unrest.

Chief Minister Inaugurates Water ATMs in Shalimar Bagh

New Delhi. Delhi Chief Minister Rekha Gupta on Wednesday inaugurated new Water ATMs in the AU Block, Som Bazar Road, AA Jhuggi, and CA Block areas of the Shalimar Bagh Assembly constituency. Additionally, the Chief Minister distributed Water ATM cards to the local residents. Speaking on the occasion, the Chief Minister stated that these Water ATMs—equipped with modern 5-stage RO technology—will provide 2,000 liters of pure drinking water every hour. They will ensure access to clean, safe, and easily accessible drinking water for the people. She further noted that the government has allocated a provision of 9,000 crore to further strengthen the water supply infrastructure and ensure that every household receives clean water. This initiative serves as a strong foundation for building a 'Developed Delhi.' The Chief Minister remarked that, for the past year, the people of Delhi have been receiving a new gift in one form or another on a daily basis. She added that, as the country is currently grappling with a phase of severe heat and people were distressed due to water scarcity, these new Water ATMs have been launched in Delhi to address this issue. We are providing such Water ATM cards to every family residing in the *jhuggis* (slums), enabling them to collect and take home 20 liters of water daily. Officials from Indian Oil, local representatives, and local residents were present on this occasion.

Doors Open for Final-Year Students Under Prime Minister's Internship Scheme; Eligibility Scope Expanded

New Delhi. Taking a significant step toward boosting youth employability and industry readiness, the Ministry of Corporate Affairs (MCA) has expanded the eligibility criteria for the pilot phase of the Prime Minister's Internship Scheme (PMIS). Now, final-year students pursuing undergraduate and postgraduate courses will also be able to apply under this scheme. The NOC must be signed by the Head of the Department, Dean, Placement Officer. Under this scheme, students will gain exposure to a professional work environment while still pursuing their studies, thereby fostering the development of qualities such as problem-solving abilities, communication skills, and teamwork. Under the PMIS, interns will receive financial assistance of at least 9,000 per month. Eligible youth can apply through the official portal and select opportunities that align with their interests and career goals.

India International Water Week: September 22–26, Focusing on Climate and Water Management

New Delhi. The Ministry of Jal Shakti has announced that the 9th India International Water Week (IIWW) 2026 will be held here at Bharat Mandapam from September 22 to 26. This year, the conference's central theme will be "Climate-Sensitive Water Management," aimed at addressing challenges such as floods, erratic rainfall, and water scarcity. The event will feature discussions on water conservation, efficient utilization, and sustainable management. Marking this occasion, Union Minister of Jal Shakti C.R. Patil officially launched the India International Water Week 2026 during a ceremony held on Wednesday at Shram Shakti Bhawan here. Speaking at a press conference, Patil stated that the second International WASH Conference will also be held concurrently at the same venue from September 22 to 24. This event will witness the participation of experts, researchers, state governments, central ministries, and non-governmental organizations. He emphasized that as water availability continues to decline, it has become imperative to reduce consumption, enhance conservation efforts, and implement water harvesting measures on a large scale. Highlighting future challenges, he noted that population growth and industrial expansion will inevitably increase the pressure on water resources. The government is currently implementing several projects to improve the health of rivers and reservoirs, including initiatives focused on the Yamuna River and the development of 'Amrit Sarovars' (revitalized ponds). Additionally, the Jal Jeevan Mission has been extended until 2028 to ensure that tap water connectivity reaches every rural household. V.L. Kantha Rao, Secretary of the Department of Water Resources, noted that this marks the first time the event has been officially designated as "India International Water Week." He added that international participation is expected to be even more extensive this year. He further informed that the conference agenda will include technical sessions, exhibitions, and field visits. Discussions will cover a wide range of topics, including governance, resource optimization, technological applications, community participation, climate risk management, and financial mechanisms.